तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 09.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार 3 जनवरी 2026

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

ग्रामीणों ने उठाया स्वास्थ्य शिविर का लाभ 12



कांग्रेस के सिद्धांतों पर चलने लिया संकल्प 12






## खुर्सीपार पुलिस की कार्रवाई, 9 तस्कर करते थे मिलकर कारोबार

# चिट्टा तस्करी करने वाले पुलिस की गिरफ्त में, 9 लाख कैश भी मिला

**24 लाख रुपए का सामान जब्त, आरोपियों को भेजा जेल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

लंबे समय से जिले में चल रहे चिट्टे के अवैध कारोबार में शामिल नौ आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसमें कारोबार की मुख्य सरगना एक महिला भी शामिल है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने खुलासा करते हुए बताया कि ऑपरेशन विश्वास अभियान के तहत पंजाब से दुर्ग-भिलाई क्षेत्र में सिंथेटिक हेरोइन (चिट्टा) तस्करी करने वाले दो गिरोहों का पदार्फाश किया है।

पुलिस ने 9 तस्करो की गिरफ्तारी की है। जिसमें जोन-3 खुर्सीपार निवासी किशन सिंग, मिथिलेश पाठक, परमेश्वर ठाकुर उर्फ पिंटू डेफनेट, इंदिरा चौक खुर्सीपार दीपक कुमार, सेक्टर भिलाई भठ्ठी निहाल राव, देवार मोहल्ला खुर्सीपार लोकेश अवस्थी, केनाल रोड खुर्सीपार मो. अलताफ,मसाल चौक न्यू खुर्सीपार रणदीप सिंह व एक महिला शामिल है। तस्करों से पुलिस ने 52 ग्राम चिट्टा, डोडा चूरा, कार, 9 मोबाइल और नगद 9 लाख रुपए मिला है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस जामुल थाना क्षेत्र के ढांचा भवन कुरूद की महिला अपने बेटे के साथ मिलकर पंजाब से चिट्टा मंगवाकर बेच रही है। तुरंत ट्रेस कर लिया। कुल समानों की कीमत 24 लाख रुपए आंकी गई है। इस दौरान डीएसपी क्राइम अलेक्सजेंडर कीरो, सीएसपी छावनी प्रशांत सिंह पैकरा मौजूद थे।

### घेराबंदी और दबिश के बाद हुआ खुलासा

पुलिस ने महिला के घर पर पहुंची और दबिश देकर तलाशी ली गई। मकान से 33.360 ग्राम सिंथेटिक हेरोइन (चिट्टा) और 281.85 ग्राम डोडा चूरा जब्त किया गया। पूछताछ में महिला ने बताया कि वह पंजाब से चिट्टा मंगवाकर 20 हजार रुपए प्रति ग्राम की दर से बेचती थी। उसका बेटा ग्राहकों तक पहुंचाता था। महिला की निशानदेही पर चिट्टा बेच कर कमाए गए 8 लाख 90 हजार 400 रुपए कैश जब्त किया गया। पुलिस को खुर्सीपार थाना क्षेत्र में दूसरी सफलता मिली। मिनी स्टेडियम सुलभ शौचालय के पास संदिग्ध में खड़े मिथिलेश पाठक और परमेश्वर ठाकुर उर्फ पिंटू डेफिनेट को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। उनके पास से 8 ग्राम और 6 ग्राम सिंथेटिक चिट्टा बरामद किया।



### बड़े तस्करों की तलाश में पुलिस

पुलिस अब पंजाब कनेक्शन, कोरियर नेटवर्क और बड़े सप्लायरों की तलाश में जुटी है। साथ ही सभी आरोपियों के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। आरोपियों से पूछताछ में बात सामने आया कि खुर्सीपार, न्यू खुर्सीपार, सेक्टर-1 भिलाई समेत आसपास के क्षेत्रों में नशे की खेप की सप्लाई कर रहा था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8, 21(ख) और 27 के तहत कार्रवाई करते हुए सभी को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। यह कार्रवाई केवल शुरुआत है। नशे के इस रैकेट को पूरी तरह खत्म करने के लिए विशेष टीम गठित की गई है।

## परेशान किशोरी ने घर में की आत्महत्या

**भिलाई।** परेशान किशोरी ने अपने ही मकान के कमरे में आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में लिया है। शव को पीएम के लिए मरचूरी भेजा गया। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि शंकर नगर दुर्ग निवासी निष्ठा गोस्वामी 16 वर्ष कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या किया। परिजनों ने जब उसे आवाज दी और दरवाजा नहीं खोला तो परेशान होकर दरवाजा को तोड़ा गया। सामने निष्ठा फांसी के फंदे पर झूलती नजर आई। पुलिस घटनास्थल की जांच कर शव का पंचानामा किया। मौके से सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें मृतका निष्ठा ने लिखा है सॉरी मम्मी-पापा साथ ही अपने इस कदम के लिए माता-पिता से माफी मांगी है। हालांकि सुसाइड नोट में आत्महत्या का कारण क्लीयर नहीं हो पाया है। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर रही है। किशोरी किसी मानसिक तनाव, पारिवारिक या अन्य किसी परेशानी से जूझ रही थी। पुलिस निष्ठा की स्कूल लाइफ, दोस्तों और हालिया गतिविधियों की भी जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने बताया कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

## बकाया संपत्तिकर वसूलने निगम ने शुरू किया अभियान, कुर्की टीम पहुंच रही वार्डों में

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार, संपत्तिकर की बकाया राशि की वसूली हेतु निगम प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। निगम द्वारा गठित विशेष कुर्की टीम ने शहर के विभिन्न वार्डों में बकायादारों के घरों पर दस्तक देना शुरू कर दिया है। अभियान के पहले दिन टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए 60 हजार रुपये की वसूली कर निगम कोष में जमा कराए हैं।

निगम प्रशासन ने बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर ली है। नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 175 के तहत इन बकायादारों के विरुद्ध कुर्की वारंट (शास्ती पत्र) जारी किए गए हैं। आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि राजस्व वसूली में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाएगी और यह अभियान सभी वार्डों में निरंतर जारी रहेगा।

कुर्की की कार्रवाई से एक दिन पूर्व संबंधित बकायादार से संपर्क कर उन्हें सूचित किया जा रहा है। यदि मौके पर ही बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाता है, तो संपत्ति की कुर्की कर राशि वसूलने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। यदि किसी भवन या भूमि की कुर्की होती है, तो इसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं भवन/भूमि स्वामी की होगी। नगर पालिक निगम भिलाई उन सभी करदाताओं से अपील करता है जिन्होंने अभी तक अपने करों का भुगतान नहीं किया है।

असुविधा और कुर्की जैसी अप्रिय कार्रवाई से बचने के लिए नागरिक जल्द से जल्द अपने बकाया कर की राशि निगम के नागरिक सुविधा केंद्रों या ऑनलाइन माध्यम से जमा कर निगम के विकास कार्यों में सहभागी बनें। कार्यवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, बसंत देवांगन, बालकृष्ण नायडू, सुनील जोशी, प्रसून तिवारी एवं राजस्व के टीम मौजूद रहे ।




- अभियान के पहले दिन 60 हजार की वसूली

## सामान्य से 4.2 डिग्री सेल्सियस कम रहा तापमान, दो दिन की अपेक्षा ठंड हुई कम, हल्की बारिश का बन रहा सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

ट्विनसिटी में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। अधिकतम तापमान बढ़ने से न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 4.2 डिग्री सेल्सियस कम रहा। न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस बदलाव की वजह से पिछले दो दिनों की अपेक्षा ठंड कम हुई है। मौसम विभाग के हिसाब से आने वाले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं समुद्र तल में ऐसा भी सिस्टम बन रहा है कि कहीं - कहीं हल्की बारिश हो।

**अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस पहुंचा**




### इस तरह चल रहा सिनोप्टिक सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक सिनोप्टिक सिस्टम पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश और उसके आस-पास के इलाकों में समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर एक ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण के रूप में है। जिसके साथ मध्य और ऊपरी ट्रोपोस्पेरिक स्तर पर एक द्रोणिका है, जिसका अक्ष समुद्र तल से 5.3 किमी ऊपर लगभग देशांतर 75 ईस्ट के साथ अक्षांश 33नार्थ के उत्तर में है।

### हल्की बारिश का बन रहा है सिस्टम

मौसम विभाग के अनुसार 3 जनवरी को पूर्वानुमानः है कि प्रदेश में एक-दो स्थानों पर अति हल्की से हल्की वर्षा होने की संभावना है। एक-दो पॉकेट में घना कोहरा पहने की संभावना है। भिलाई, दुर्ग क्षेत्र में स्थानीय पूर्वानुमान 3 जनवरी को धुंध छाए रहने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश 28 और 10 डिग्री सेल्सियस के आसपास रखने की संभावना है। गुरुवार और शुक्रवार को न्यूनतम तापमान बढ़ने से ट्विनसिटी के लोगों को थोड़ी राहत मिली। कड़ाके की ठंड में कमी आई है। पिछले 15 दिनों से न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस से लेकर 9.8 डिग्री सेल्सियस तक घूमता रहा है।




## गुटखा खाने निकले युवक पर प्राणघातक हमला

**भिलाई।** नए साल की रात प्राणघातक हमला करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध कायम कर जांच में लिया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि बालाजी नगर, खुर्सीपार निवासी सुधीर कोसले घर से गुटखा लेने के लिए निकला था। सिंह आटा चक्की के पास पहुंचते ही आयुष, जीत नामक दो युवक बाइक से उसके पास आए। आरोपियों ने सुधीर से गोल्डी नामक युवक के बारे में पूछा। जब सुधीर ने उसे पहचानने से मना किया। कुछ ही देर में रोहण, सागर भी मौके पर पहुंच गए। चारों ने मिलकर सुधीर पर हमला कर दिया। जीत ने डंडे से वार किया। जबकि आयुष ने धारदार लोहे के हथियार से उसके सिर पर पांच-छह वार किए। हमले के दौरान आरोपियों ने जान से मारने का प्लान तैयार कर हमला किया था। सुधीर को गंभीर अवस्था में अस्पताल खुर्सीपार में दाखिल किया। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण सुधीर के सिर से खून बहने लगा। अपनी जान बचाने के लिए घटनास्थल से सुधीर भागा, लेकिन कुछ दूर जाकर गिर पड़ा। विवाद का आवाज सुनकर सुधीर के पिता धर्मेंद्र कोसले, विकास शाह और रवि चौहान मौके पर पहुंचे। जिसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।



## खबर संक्षेप



### उज्ज्वला गैस योजना का लाभ मिला ग्रामीणों

**पाटन।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिपकोना में गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को निशुल्क गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। सरपंच खिलेश ईश्वर बंजारे के सहयोग से हुए इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराकर महिलाओं को धुएं से होने वाली बीमारियों से राहत दिलाना है।

### इंटर कॉलेज स्पोर्ट्स का किया सफल आयोजन



**उतई।** प्रिज़्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने हाल ही में एक भव्य इंटर कॉलेज स्पोर्ट्स इवेंट का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस इवेंट में खो-खो(गर्ल्स), वॉलीबॉल (बायस), कबड्डी(गर्ल्स) और कबड्डी( बॉय) जैसे विभिन्न खेलों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विभिन्न कॉलेजों जैसे बी.एम. कॉलेज दुर्ग, मैत्री कॉलेज रिसाली , शैली देवी कॉलेज अंडा, बी आई टी कॉलेज दुर्ग, अशोका आईटीआई राजनांदगांव, राजेंद्र प्रसाद कालेज रिसाली, छत्तीसगढ़ वाणिज्य महाविद्यालय सेक्टर 06 भिलाई के विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### जिला साहू संघ दुर्ग के महासचिव बने अश्वनी

**उतई।** जिला साहू संघ दुर्ग का त्रिवार्षिक आमचुनाव 7 दिसंबर को संपन्न हुआ। जिसमें नंदलाल साहू दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए। निर्वाचन के पश्चात अध्यक्ष श्री साहू ने कार्यकारिणी का विस्तार करते



हुए ग्राम पतोरा निवासी तथा तहसील साहू संघ पाटन के पूर्व अध्यक्ष अश्वनी साहू को जिला साहू संघ दुर्ग का महासचिव मनोनीत किया है। अश्वनी साहू के महासचिव पद पर मनोनयन पर परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा के प्रमुख अध्यक्ष सलाहकार खेमलाल साहू, संरक्षक हरिशंकर साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष किशन हिरवानी, उपाध्यक्ष संतोष साहू एवं ललिता साहू, संगठन सचिव अर्जुन साहू व दामिनी साहू, न्याय प्रकोष्ठ संयोजक कौशल बनपेला, सचिव उषा साहू, परिक्षेत्रीय सचिव गोपेश साहू, प्रचार सचिव रवि साहू व तनुजा साहू, सहसचिव सरिता साहू, महिला प्रकोष्ठ संयोजिका खेमीन साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक ओमप्रकाश साहू ने हर्ष जताया है।

### डीडगा में मनाई बाबा गुरुघासीदास जयंती



**पाटन।** स्थानीय सतनामी समाज एवं ग्रामवासी ने ग्राम डीडगा में बाबा गुरुघासीदास जयंती धूमधाम से मनाई गई।मुख्य अतिथि ज़िप दुर्ग के पूर्व उपाध्यक्ष,विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने बाबा गुरुघासीदास के बताए हुए मार्ग पर चलते हुए सर्वहित, समानता, भाईचारे, समभाव, मानवता का अनुसरण करना चाहिए। जनपद सदस्य रश्मि वर्मा ने भी प्रेरक उद्बोधन दिया। इस अवसर पर रणजीत ठाकुर उपसरपंच,विष्णु वर्मा,संतोष पटेल पूर्व सरपंच, भेदप्रकाश वर्मा आदि उपस्थित थे।

### निधन

#### निर्भय राम साहू

**भिलाई।** ग्राम खोपली इंदिरा चौक



उतई निवासी निर्भय राम साहू 86 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे परागा बाई साहू के पति, कौशल साहू व परमानंद साहू के पिता एवं मुकेश साहू के दादा थे।

## ग्रामीण अंचल में बह रही भक्ति की धारा

# भागवत महापुराण में जुटे भक्तगण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

शांति नगर वार्ड क्र. 08 में राधे राधे महिला समिति के श्रीमद भागवत महापुराण के सप्तम दिवस में कथा वाचक भागवताचार्य पंडित रोशन द्विवेदी ने ख़ुश एवं निरोग रहने के उपाय बताए। सुदामा चरित्र की कथा एवं भगवान के स्वधाम गमन की कथा के साथ साथ परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाई। इस कथा से प्रभावित होकर 21 नवीन सदस्यों ने इस परिवार में अपना नाम दर्ज करवाया और इसके साथ ही राधे राधे महिला परिवार में सदस्यों की कूल संख्या 96 हो गयी है। अंत में प्रसादी वितरण के साथ ही कुम्हारी नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी जिसमे सभी ने अपने अपने द्वार पर महाराज जी एवं भागवत भगवन का पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया, जिमसे प्रमुख रूप से नगर पालिका कुम्हारी अध्यक्षा मीणा वर्मा ,उपाध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद प्रमोद सिंह राजपूत, वार्ड 9 पार्षद लेखराम साहू, कुंदन सिंह राजपूत, बल्ला राजपूत, खिलावन निषाद, पंडित राजेंद्र द्विवेदी, पवन राजपूत, राधेश्याम मिश्रा एवं राधे राधे महिला समिति के समस्त सदस्यों के साथ साथ समस्त नगर के प्रभुत्वजन उपस्थित रहे।

### भाव-विभोर होकर सुनी सुदामा चरित्र की कथा



### धनोरा में आज से देवी जस गीत प्रतियोगिता

**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में दो दिवसीय देवी जस गीत एवं झांकी प्रतियोगिता 3 जनवरी से आयोजित होने जा रहा है। सुबह 10 बजे गणमान्य दीप प्रज्ज्वलित करेंगे। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि दो दिन तक निरंतर यह प्रतियोगिता चलेगी। शनिवार 3 जनवरी को जागृति नवदुर्गा सेवा मंडली बजार चौक धनोरा एवं रविवार 4 जनवरी को जय मां शीतला सेवा भजन मंडली हेमंत साहू भजन गायक एवं सतीश साहू धनोरा अपनी मंडली के द्वारा कार्यक्रम प्रारंभ करेंगे।

### शिव महापुराण कथा कल से

**अंडा।** ग्राम खपरी में धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा को सशक्त करने के उद्देश्य से शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन 4 जनवरी से 9 जनवरी तक किया जा रहा है। कथा वाचन कथा वाचक पं. शुभम कृष्ण महाराज (धनौरा वाले) करेंगे। शिव महापुराण कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा, लीला और जीवन दर्शन का विस्तारपूर्वक श्रवण कराया जाएगा। आयोजन के दौरान 13 जनवरी (मंगलवार) को विशेष आकर्षण के रूप में मंडई मेला का आयोजन किया जाएगा। इसी अवसर पर रात्रि में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध कलाकार लहर गंगा एवं पुराणिक साहू द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी।

### श्रीमद भागवत पुराण की घर-घर मंगल आरती

**निकुम।** श्री सिद्ध पीठ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर निकुम में राधा रमण महिला मंडली व समस्त ग्रामवासी निकुम के तत्वाधान में



श्रीमद् भागवत महापुराण के समापन पर्व पर पूरे पंडाल में तुलसी वर्षा हुई। पूरे पंडाल में भजन कीर्तन से गूंज उठा, वही कथावाचक पंडित तोरण शर्मा सहित परीक्षित सहित मंडली समिति ने लड्डू गोपाल सहित श्रीमद् भागवत को सिर पर धारण पूरे निकुम गांव में घर घर रंगोली दिया सजाकर मंगल आरती पूजा अर्चना कर भेंट दान किए।

### बाल्यकाल से करें संस्कार का बीजारोपण

**जामगांव आर।** गायत्री परिजन नारद देव साहू के नेतृत्व में गायत्री परिवार ने 2025 की विदाई और



2026 की स्वागत के लिए दीप महायज्ञ का आयोजन 31 दिसंबर की शाम किया। इस दौरान नारद देव ने कहा कि संतान में बाल्यकाल से संस्कार का बीजारोपण करें तब जाकर आपका बुढ़ापा सफल हो पाएगा और संतान का भविष्य संवर पाएगा। शांतिकुज प्रतिनिधि के रूप में आये प्रज्ञा पुत्र राजेश एवं रोमलाल ने बताया कि अपने व परिवार के कल्याण के लिए परमात्मासे गायत्री माता से जुड़ना आवश्यक है। इस दौरान मुकेश कुमार शुक्ला, दानेश्वर साहू, खेमलाल यादव जिलोखन चन्द्राकर , श्याम ऋषि चंद्राकर,खिलेश कुमार साहू, राजकुमार ठाकूर पिताम्बर साहू दाऊदास माणिकपुरी, भारती सोनबेर, उमा चन्द्राकर, शशिकला साहू,तामेश्वरी साहू, मालती साहू, राजेश्वरी वर्मा, बसंती साहू, सतरूपा साहू, कित्ती साहू, मीना साहू, यमुना ठाकुर, परमिला साहू, कुंती साहू, तामेश्वरी साहू, धनेश्वरी साहू, मधुदेवी साडे, हेमलता ठाकुर और नंदनी साहू की गरिमामय उपस्थिति रही।

### हनुमान चालीसा पाठ कर उत्सव मनाया ग्रामीणों ने

**सेलूद।** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। गाँव में



लोगों ने स्वस्फुर्त होकर सैकड़ो की संख्या में बाजा गाजा के साथ प्रभातफेरी निकाली। घर घर दीपक जलाने के साथ रंगोली बनाकर उत्सव मनाया गया। कलश यात्रा राम जानकी मंदिर भाठापारा से प्रारम्भ होकर ग्राम भ्रमण करते हुए बजरंग चौक में पूजा अर्चना की गई। पहली बार हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। इस कार्यक्रम में गाँव की महिला पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी लोगों को महाभोग भी वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से ग्राम की पूर्व सरपंच खेमिन खेमलाल साहू, रमेश देवांगन, महेश्वर बंछोर, लोकमनी चंद्राकर पूर्व मण्डल अध्यक्ष, तारेन्द्र बंछोर, टामनलाल साहू, कृष्ण कुमार साहू, जयंत साहू, अशोक यादव, रोमन वैष्णव और टी पी शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।



### कांग्रेस के सिद्धांतों पर चलने लिया संकल्प

**उतई।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के 141 में स्थापना दिवस पर नगर कांग्रेस कमेटी उतई आम बाजार के कार्यालय में मंडल स्तरीय स्थापना दिवस मनाया गया। सभी ने मिलकर देश के आजादी एवं विकास के लिए लोकतांत्रिक तरीके से जीवन भर समर्पित रूप से कार्य करने वाली भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के बताए हुए सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करने के लिए संकल्प लिया एवं पार्टी के प्रति पूर्ण समर्पित भाव से कार्य करने के लिए संकल्प लिया। इस दौरान नगर कांग्रेस कमेटी बहादुर सिंह नेताम, पूर्व अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी, डुमरडीह सरपंच धर्मेंद्र बंजारे,पार्षद द्वारका साहू, पूर्व पार्षद प्रहलाद वर्मा, वीरेंद्र गोस्वामी, सुरता सिंह गढ़े ,कांग्रेस पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता टीकम डोडे, भावेश साहू, पुरेंद्र चंद्राकर, शुभम बमभोले, गुलशन शर्मा , आसिफ, भागीरथी कुर्रे सूरज बंधे, मिथिलेश नारंग, अखिलेश, देवा मारकंडे, रमाकांत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बाबा घासीदास के उपदेश का पालन करें, जीवन सार्थक हो जाएगा : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

पाहंदा एवं मोहभट्ठा मे बाबा गुरुघासीदास की 269 वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग ने कहा कि बाबा घासीदास के उपदेश का पालन करें तो जीवन सार्थक हो जाएगा। इस दौरान मंच पर नारद साहू अध्यक्ष भाजयुमो दक्षिण पाटन, मेहतरू मनहरे, सतखोजन देशलहरे, निलेश बघेल, रेखलाल, शिव, सोमन, डोमन, बलदाऊ बंजारे, आत्माराम, भगवानी देशलहरे, प्रखरकुमार यादव (भाजपा युवा नेता), पालेन्द्र कुमार, कमलेश यादव, अभिषेक सेन और शंकर साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



### प्रारंभिक उपचार को समझा विद्यार्थियों ने

**कुम्हारी।** विगत दिनों पीएम- श्री सेजेस कुम्हारी के नवमी कक्षा के विद्यार्थियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी मे भ्रमण कराया गया । जिसमे व्यावसायिक प्रशिक्षक संजय कुमार ठाकुर (ट्रेड – हेल्थ केयर ) ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी का भ्रमण कराया। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में होने वाले स्वास्थ्य कार्यो जैसे बाह्य रोगी विभाग में मरीजो की जांच, रक्त चाप नापना ,रक्त की जांच करना, दवाइयों का वितरण इत्यादि जबकि आतंरिक रोग विभाग में प्रसव पश्चात माता की देखभाल, माता और संतान के लिए जरुरी पोषक तत्व इत्यादि के बारे में सीखा। औद्योगिक भ्रमण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी के स्वास्थ्य कर्मी रख्शंदा पैथोलॉजी लैब, अविनेश सोनकर के द्वारा दवा भंडारण एवं वितरण, एल पी. देवांगन (एक्स रे तकनीशियन) के द्वारा एक्स रे कक्ष की जानकारी तथा प्रीति तिवारी स्टाफ नर्स के द्वारा विद्यार्थियों को नर्सिंग कौशल के बारे में सिखाया एवं बताया गया। अरुण वर्मा (सुपर्वाइज़र) तथा मन्नू लाल भतपहरी (संगणक), रजत ने उचित दस्तावेजीकरण, ड्यूटी रोस्टर, तथा समस्त योजनाओं के बारे में बताया गया ।

### ग्रामीणों ने उठाया स्वास्थ्य शिविर का लाभ



**सेलूद।** ग्राम पंचायत पंहडोर ओर औंधी तथा ग्राम परसदा में स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुनेश्वर कठौतिया के मार्गदर्शन में सेक्टर मेडिकल आफिसर भिलाई-3 डॉ. शिखर अग्रवाल ओर बी ईटीओ व राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम भिलाई 3 के सैय्यद असलम के नेतृत्व में इस शिविर में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर स्वस्थ जीवन शैली अपनाने पर जोर दिया गया। सैय्यद असलम ने बताया कि स्वास्थ्य मेला के माध्यम से गैर संचारी रोग, हाइपरटेंशन, ब्लड प्रेशर और डायबिटीज, स्तन कैंसर गर्भाशय कैंसर ओर मुख कैंसर तथा अन्य रोगो में चर्मरोग, आंखों की समस्या, पीड़ा ओर समान्य स्वास्थ्य के मरीजों को स्क्रीनिंग करके प्रारंभिक अवस्था में चिह्नित किया जा रहा है, जिससे समय रहते गंभीर रोगो की पहचान हायर सेंटर में करके उपचार प्रारंभ कर सुरक्षित किया जाए। शिविर में बी पी शुगर के पुराने मरीजों को निशुल्क दवा वितरित की गई। वहीं सर्दी-जुकाम, बुखार, कफ और चर्मरोग संबंधित विकारों से पीड़ितों का उपचार निशुल्क किया गया। कार्यक्रम में आर विश्वास एल एच व्ही, वेगु गवेल, जितेन्द्र पटेल , नीना चक्रवर्ती, निवेश प्रधान, संध्या वर्मा, देवेन्द्र राजपूत, थानेशवरी साहू, राज विजय लक्ष्मी ,देवीला चंद्राकर ,लीलावती टंडन ,मितानिन प्रेरकों और मितानिन साथियों का योगदान रहा।

### नौनिहालों को दिया गया न्योता भोजन



**अंडा।** शासकीय प्राथमिक शाला गांधीभांठा अण्डा में वेदप्रकाश साहू ने न्योता भोजन कराया। अपने जन्मदिन की खुशियों को यादगार बनाने के लिए उन्होंने समस्त बच्चों के लिए खीर , पूड़ी और आलू मटर की सब्जी की व्यवस्था की। इस दौरान साहू ने समस्त बच्चों को अच्छा नागरिक बनने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर चन्द्रहास साहू (प्रधान पाठक), प्रवेश देवांगन (संकुल समन्वयक), घनश्याम साहू, पूजा निर्मलकर(एसएमसी अध्यक्ष), सीता साहू और कुसुमलता यादव आदि उपस्थित थे।


## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट

**भिलाई।** पूरे शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64बी, प्रिया श्रृंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम रेड एंड व्हाइट कलर के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। जहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री एवं शादी के गहनो की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी ने बताया कि विश्वास व विश्वसनियता का प्रतीक ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए धन्यवाद दिया। हमारी शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमे 6 अंकों का huid कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100% विश्वनीयता पर खरा रहती है ।100% वापसी के साथ दिया जाता है वापसी करने पर काट छाट नहीं होती। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। हमारी शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें



हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। जहां सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है सोने की अंगूठी, झुमका, ऐयरिंग, डबल कुंडा, फैंसी लॉकेट, मंगलसूत्र, टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। हमारे शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध हैं एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेंट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। साथ ही पायलों की विस्तृत रेंज जैसे नई वैरायटी के करधन, पायल, बैंगल्स, हाथ फूल, बिछिया, चैन, लॉकेट की एक से बढ़कर एक वैरायटी उपलब्ध है। हमारे शॉप में टोटल ओपन डिस्प्ले होने की वजह से मनपसंद गहने खरीदने में सुविधा होती है। सभी प्रकार के चेक ऑल एटीएम एवं क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा प्रदान की जाती है साथ ही ख़रीदे गये ज़ेवर की घर पहुंच पेमेंट की सुविधा उपलब्ध है व किसी भी गहने की तत्काल रिपेरिंग सुविधा है। आशा है बेहतर से बेहतरीन डिजाइन लेने के लिए ओम ज्वैलर्स अवश्य पधारे।


### सन वैली स्कूल की आनंद मेले में बच्चों की रसोई बनी आकर्षण

**भिलाई।** कोहका पुरानी बस्ती स्थित सन वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित आनंद मेले ने विद्यालय परिसर को उत्सव के रंगों से भर दिया। बच्चों की रचनात्मकता और मेहनत का अनोखा संगम इस मेले में देखने को मिला, जहां विद्यार्थियों ने खुद आगे बढ़कर विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाए और अभिभावकों का दिल जीत लिया। वहीं आनंद मेले में स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए खाने-पीने के स्टॉल लोगों के लिए खास आकर्षण रहे। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ व्यंजन तैयार किए और स्टॉल संचालन की जिम्मेदारी भी स्वयं संभाली। मेले में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल विशेष चर्चा में रहे। स्थानीय स्वाद और संस्कृति को दर्शाते इन व्यंजनों का अभिभावकों ने जमकर लुत्फ उठाया। आयोजन में पहुंचे छात्र-छात्राओं के परिजनों ने बच्चों के प्रयासों की खुले दिल से सराहना



की। उन्होंने न सिर्फ भोजन का आनंद लिया, बल्कि बच्चों के आत्मविश्वास और सीखने की प्रक्रिया को भी करीब से देखा। सन वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल में आनंद मेले का आयोजन पिछले कई वर्षों से लगातार किया जा रहा है। इसका उद्देश्य बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव देना और शिक्षकों व विद्यार्थियों के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है।

## अंचल की खबरें

### हर व्यक्ति की दिनचर्या में खेल होना चाहिए : साहू



**अंडा।** ग्राम आलबरस में आयोजित राज्य स्तरीय महिला कबडडी खो-खो एवं मैराथन प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल हुये। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा की शिक्षा के साथ-साथ खेल भी हमारे मानसिक व शारीरिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। प्रतियोगिता में राजनांदगांव अ की टीम विजेता रही, द्वितीय पुरुस्कार राजनांदगांव ब, तृतीय पुरुस्कार उतई एवं चतुर्थ पुरुष्कार लालपुर रायपुर को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पूर्व सभापति जनपद पंचायत टिकेश्वरी देशमुख, सरपंच भुवन लाल देशमुख, पूर्व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख, पूर्व सरपंच आशा,दे शमुख राजा देशमुख, पूर्व उपसरपंच रोशन लाल देशमुख, डॉ प्यारे लाल साहू, संजय नेताम, नेमन दिल्लीवार, एमंत देशमुख, पीलुराम पारकर, टुमेंद्र देशमुख, पंचायत सचिव शेषनारायण चंद्रवंशी, देवीसिंह देशमुख, डालाराम देशमुख, राहुल देशमुख, टिकेश्वर देशमुख सहित खिलाड़ी गण एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या मौजूद थे।

### बच्चों ने अनेकता में एकता का दिया संदेश



**अहिवारा।** डी.ए.वी. इस्पात पब्लिक स्कूल, नंदिनी माइंस में कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों द्वारा रेड डे एवं क्रिसमस उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला सभागार को आकर्षक क्रिसमस ट्री एवं लाल रंग के गुब्बारों से भव्य रूप से सजाया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रेरणादायक नृत्य एवं संगीतमय प्रस्तुतियाँ दी। बच्चों ने अनेकता में एकता का संदेश देते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### छत्तीसगढ़ की मटपरई शिल्पकला से पारंगत हुए युवा



**उतई।** एनसीईआरटी, श्याममाला हिल्स (भोपाल) में छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की पारंपरिक खिलौने की कार्यशाला 15 से 19 दिसंबर तक चली। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जहां छत्तीसगढ़ की पारंपरिक मटपरई शिल्पकला के मास्टर ट्रेनर अभिषेक सपन के मार्गदर्शन में छात्र छात्राओं ने बडे लगन व जुनून के साथ सीखा व समझा,साथ अभिषेक ने छत्तीसगढ़ के तीज त्योहार और परंपराओं को बड़ी बारीकियां से छात्र-छात्राओं को बताया। इस कार्यशाला में बालोद, खैरागढ़, मोहला मानपुर, महासमुंद, नारायणपुर शिल्पकार छत्तीसगढ़ की पारंपरिक खिलौने बनाने की शिक्षा दी। कार्यक्रम समन्वयक डॉ सुरेश मकवाना , स्त्रोत शिक्षक के रूप डॉ रामकुमार वर्मा ,स्वाति अर्णव, डॉ मोनिका सिंह, द्रोण साहू,मुख्य रूप से मौजूद रहे। आपको बता दे की मटपरई शिल्प कला मिट्टी और कागज को मिलाकर पारंपरिक रूप से कलाकृति व टोकरी छत्तीसगढ़ में बनाया जाता रहा है जो आधुनिकता के चलते विलुप्तप्राय हो गई है जिसे डुमरडीह उतई दुर्ग निवासी अभिषेक सपन ने संरक्षण व संवर्धन हेतु निरंतर कार्यशाला व प्रदर्शनी के माध्यम से आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे है।

### समानता का संदेश देती है घासीदास जयंती : नारद

**जामगांव आर।** सुरपा में गुरु बाबाघासीदास जयंती की 269 वीं मनाई गई। जिसमे मुख्यातिथि नारद साहू अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति सुरपा और विशिष्ट अतिथि रवि सिन्हा सभापति जनपद पाटन, चंद्रहास साहू सरपंच सुरपा,तेजराम देवांगन




उपसरपंच सुरपा,देवानंद देवांगन बूथ अध्यक्ष सुरपा,श्रीराम साहू,अभिषेक सेन मंचासीन थे। मुख्य अतिथि नारद साहू ने कहा कि घासीदास की जयंती मानव में समानता और संस्कार का संदेश देती है।सत्य के मार्ग पर चलने वाले बाबा के सच्चे भक्त होते है। आयोजन में सामाजिक कार्यकर्ता गिरधर नारंग,चंद्रहास मौर्य, नारायण मारकंडे,त्रिलोचन मारकंडे,संतोष मार्कंडेय, मनोज खूंटे,एनस खिलाड़ी,देवेंद्र टंडन, नोहर बघेल,संजय मारकंडे,अनीश कुमार,विवेक कुमार नारंग सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### कौही में मनाई गई गुरु घासीदास जयंती



**पाटन।** कौही में गुरू घासीदास की 269 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथि वक्ताओं ने गुरू घासीदास के संदेश मनखे - मनखे एक समान के संदेश को समूची मानवता के लिए जरूरी बताया। इसी तरह 25 दिसंबर को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के देश के विकास में योगदान को भी उनके जन्म जयंती पर स-सम्मान याद किया गया। गुरू घासीदास जयंती पर पंथी पार्टी तमोरा के प्रस्तुति के साथ शोभायात्रा पश्चात जयस्तंभ पर पालो चढ़ाया गया। मुख्य अतिथि अशोक साहू पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष, अध्यक्षता लीना साहू सरपंच, विशेष अतिथि मनोरमा टिकरिहा पूर्व सरपंच, समाजिक कार्यकर्ता शीतकरण महिलवार, राजेन्द्र मारकण्डे प्रधानपाठक, योगेश्वर साहू अध्यक्ष मंदिर समिति, मेहत्तर जोशी, धनेश्वर देवांगन पूर्व उपसरपंच, गंगा राम साहू,बिरेंद्र मारकण्डे, अश्वत्थामा, राजेन्द्र जोशी और उधो मारकण्डे आदि उपस्थित थे।

### आजाद चौक सेलूद में मनाई घासीदास जयंती



**सेलूद।** ग्राम सेलूद के आजाद चौक स्थित जैतखांभ में गुरु घासीदास जयन्ती मनाई गई। सर्वप्रथम प्रसिद्ध पंथी पार्टी खोला ने पंथी नृत्य प्रस्तुत किया। अतिथि ग्राम पंचायत सेलूद के सरपंच खिलेश मारकंडे, पुर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा, पूर्व सरपंच ख़ेमिन साहू, पंच रमेश कश्यप, पूर्व सरपंच खेमलाल साहु, पंच हेमिन ओगरे, गीता राम बंजारे, राजाराम बांधे, लखन चंदेल, पुनीत कुर्रे, सेवा लाल, अनंत चेतन जोशी और शिशु पाल समाज के महिला , पुरुष व बच्चे बडी संख्या में उपस्थित थे।

# DMart®
Daily Discounts Daily Savings

## संक्रांति की सारी शॉपिंग अब बजट में

शॉप ऑनलाइन** DMart ready — GET IT ON Google Play — Download on the App Store

### संक्रांति स्पेशल

- ₹ 43* सिर्फ — लूज़ चीनी 1 किलो
- ₹ 59* सिर्फ — लूज़ वाडा कोलम चावल 1 किलो
- ₹ 78* सिर्फ — लूज़ कालिमुंछ चावल 1 किलो
- ₹ 31* सिर्फ — लूज़ गेहूँ आटा 1 किलो
- ₹ 71* सिर्फ — लूज़ चना दाल 1 किलो
- ₹ 102* सिर्फ — लूज़ मुंग दाल 1 किलो
- ₹ 141* सिर्फ — लूज़ मूंगफली 1 किलो
- ₹ 66* सिर्फ — लूज़ बेसन 1 किलो
- ₹ 48* सिर्फ — लूज़ जाड़ा पोहा 1 किलो
- ₹ 949* सिर्फ — लूज़ मखाना 1 किलो
- ₹ 151* सिर्फ — लूज़ सफेद तिल 1 किलो
- ₹ 65* सिर्फ — गुड़ चिक्की 900 ग्राम, मूल कीमत ₹ 90
- ₹ 51* सिर्फ — मेथी 500 ग्राम, मूल कीमत ₹ 75
- ₹ 299* सिर्फ — मिक्स ड्रायफ्रूट 500 ग्राम, मूल कीमत ₹ 407
- ₹ 399* सिर्फ — स्वाद बादाम 500 ग्राम, मूल कीमत ₹ 503
- ₹ 449* सिर्फ — काजू 500 ग्राम, मूल कीमत ₹ 675
- ₹ 239* सिर्फ — इंडियन किशमिश 500 ग्राम, मूल कीमत ₹ 374
- ₹ 37*/₹ 89* सिर्फ — इलायची ग्रीन ईको 10 ग्राम/25 ग्राम, मूल कीमत ₹ 53/₹ 123

### डेली एसेंशियल्स

- ₹ 49* सिर्फ — दावत पुलाव बासमती चावल 500 ग्राम, मूल कीमत ₹ 90
- ₹ 261* सिर्फ — मधुर प्युअर और हायजीनिक चीनी 5 किलो, मूल कीमत ₹ 315
- ₹ 469* सिर्फ — नटराज कॅलिफोर्निया बादाम 500 ग्राम, मूल कीमत ₹ 599
- ₹ 499* सिर्फ — नटराज काजू 500 ग्राम, मूल कीमत ₹ 699
- 1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त — श्री तिल चिक्की सॉफ्ट लड्डू 200 ग्राम, मूल कीमत ₹ 118*
- ₹ 139* सिर्फ — ताली पीनट्स 1 किलो, मूल कीमत ₹ 240
- ₹ 89* सिर्फ — एसएचआर सफेद तिल 500 ग्राम, मूल कीमत ₹ 154
- ₹ 299* सिर्फ — टाटा टी इलायची चाय 1 किलो, मूल कीमत ₹ 340
- 1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त — पावक नॅचरल गुड़ जार 500 ग्राम, मूल कीमत ₹ 110*
- ₹ 389* सिर्फ — डाबर हनी 1.3 किलो, मूल कीमत ₹ 635
- ₹ 235* सिर्फ — हल्दिराम्स भुजिया सेव 1 किलो, मूल कीमत ₹ 275
- ₹ 219* सिर्फ — किमिया सीडेड खजूर 400 ग्राम, मूल कीमत ₹ 310
- ₹ 509* सिर्फ — डाबर अवलेह च्यवनप्राश 1.5 किलो, मूल कीमत ₹ 660
- ₹ 79* सिर्फ — सनफिस्ट यिप्पी मॅजिक मसाला नुडल्स 544 ग्राम, मूल कीमत ₹ 120
- ₹ 56* सिर्फ — ब्रिटानिया जिमजॅम पॉप्स 350 ग्राम, मूल कीमत ₹ 108
- ₹ 90* सिर्फ — स्प्राईट बोतल 1.75 लि., मूल कीमत ₹ 100
- ₹ 115* सिर्फ — शुभकार्ट कॅम्फर पूजा ऑइल 900 मि.ली., मूल कीमत ₹ 207
- ₹ 142* सिर्फ — पॅराशूट नारियल तेल इज़ी जार 200 मि.ली., मूल कीमत ₹ 160
- ₹ 145* सिर्फ — विक्स वेपोरब 50 मि.ली., मूल कीमत ₹ 186
- 1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त — लॅक्मे पीच मिल्क सॉफ्ट क्रीम 200 ग्राम, मूल कीमत ₹ 597*
- ₹ 176* सिर्फ — बोरोप्लस आयुर्वेदीक एन्टीसेप्टिक क्रीम 120 मि.ली., मूल कीमत ₹ 206
- 1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त — वॅसलीन डीप मॉइश्चर बॉडी लोशन 600 मि.ली., मूल कीमत ₹ 750*
- ₹ 313* सिर्फ — फियामा सेलिब्रेशन पॅक जेल बार 4x125 ग्राम प्रती, मूल कीमत ₹ 449
- ₹ 399* सिर्फ — गोदरेज ईज़ी लिक्विड डिटर्जेंट पाउच 2 किलो, मूल कीमत ₹ 430

### किचनवेयर

- ₹ 29^ से आगे — स्टील संक्रांति स्पेशल
- ₹ 39^ से आगे — प्लास्टिक कंटेनर असॉर्टेड
- ₹ 99* सिर्फ — ईज़ी लॉक 300 मि.ली. 6 पीस, मूल कीमत ₹ 150
- ₹ 19^ से आगे — मेलामाइन ट्रे 19.05 सेमीx15.24 सेमी
- ₹ 19^ से आगे — ग्लास जार
- ₹ 445^* सिर्फ — पिजन स्टॉर्म इंडक्शन बेस डोसा तवा, मूल कीमत ₹ 1,025
- ₹ 1,489^* सिर्फ — बटरफ्लाय स्टेनलेस स्टील कुकर 3 ली., मूल कीमत ₹ 3,415
- ₹ 1,749^* से आगे — ब्रांडेड मिक्सर्स (BAJAJ, Crompton, WONDERCHEF)

## बन ठन कर स्वागत करें, शादी के मौसम का

### विंटर वियर उपलब्ध

- ₹ 199** से आगे — गर्ल्स फैशन फ्रॉक
- ₹ 79** से आगे — बॉइज़ एण्ड गर्ल्स टी-शर्ट
- ₹ 299** से आगे — गर्ल्स कुर्ती
- ₹ 149** से आगे — बॉइज़ शर्ट
- ₹ 99** से आगे — लेडीज़ टी-शर्ट
- ₹ 149** से आगे — लेडीज़ फैन्सी टॉप
- ₹ 349** से आगे — लेडीज़ जीन्स
- ₹ 74** से आगे — लेडीज़ स्लिपर्स एण्ड सैण्डल्स
- ₹ 199** से आगे — बॉइज़ डेनिम
- ₹ 199** से आगे — लेडीज़ लाँग कुर्तीज
- ₹ 99** से आगे — लेडीज़ दुपट्टा
- ₹ 199** से आगे — लेडीज़ एंकल कॉटन स्ट्रेच लेगिंग्ज
- ₹ 599** से आगे — कुर्ती सेट
- ₹ 299** से आगे — मेन्स स्वेटर
- ₹ 299** से आगे — मेन्स एथनिक कुर्ता और पायजमा
- ₹ 449** से आगे — मेन्स कॉटन चीनोज़
- ₹ 499** से आगे — मेन्स जॉगर्स और कार्गो
- ₹ 99** से आगे — मेन्स फैन्सी टी-शर्ट
- ₹ 199** से आगे — मेन्स फॉर्मल और कॅज्युअल शर्ट
- ₹ 349** से आगे — मेन्स फॉर्मल ट्राउज़र
- ₹ 349** से आगे — मेन्स फैशन जीन्स
- ₹ 299** से आगे — मेन्स कॅज्युअल शूज़
- ₹ 365** से आगे — मेन्स फॉर्मल शूज़
- 25% छूट मूल कीमत पर — सभी ब्रांडेड मेन्स अंडरगारमेंट

न्यूनतम 9% छूट

सिटी मॉल, रायपुर : 6262000236 • रिंग रोड, रायपुर : 0771-2262922 • नेशनल हाइवे-6, भिलाई : 9752574902/9752098603
अंबाडी नगर, भिलाई : 6269500098 • पोटियाकला दुर्ग, भिलाई : 9630804906 • राजनांदगांव : 6269500166

**सिर्फ रायपुर और भिलाई में उपलब्ध

उत्पादों के चित्र केवल प्रतिनिधित्व उद्देशों के लिए हैं और वास्तविक उत्पादों से भिन्न हो सकते हैं. • उत्पाद की पेशकश स्टाक रहने तक वैध. • ऑफर्स स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं.
इस विज्ञापन में दिखाये गये ब्रांड संबंधित ब्रांड के मालिक के स्वामित्व में हैं. • ^प्रबंधन के पास अपने विवेक से कीमतों में बदलाव, छूट देने का और उत्पादों को बेचने का अधिकार सुरक्षित हैं. • नियम और शर्तें लागू • *खुदरा बिक्री मूल्य. • # 1 वस्तु

Impulse/01/26

## खबर संक्षेप

### कार की ठोकर से वृद्ध की मौत

**भिलाई।** सड़क हादसे में वृद्ध की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी एम. मुन्नु स्वामी 25 दिसंबर की सुबह अपनी लूना सीजी 07 एच 9865 से घासीदास सोसायटी से घर लौट रहे थे। इस दौरान एकता चौक की ओर से आ रही कार सीजी 07 सी जेड 3797 के चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए एम मुन्नु को जोरदार टक्कर मार दी।घटना में वे गंभीर रुप से घायल हो गए। जिन्हें बीएसपी अस्पताल सेक्टर-9 में उपचार के लिए भेजा गया। जहां उपचार के पांच दिनों बाद 30 दिसंबर को की मौत हो गई।

### राज मिस्त्री के मकान का ताला टूटा

**भिलाई।** मकान में ताला जड़कर बाहर गए परिवार के यहां चोरी हो गया। मकान से सोना चांदी के जेवरात भी गायब मिला। बाहर से घर लौटने पर देखान सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। आसपास खोजबीन करने के बाद नहीं मिलने पर घटना की शिकायत पुलिस से किया। अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि ग्राम झींट निवासी कृष्ण कुमार साहू राज मिस्त्री का काम करता है। परिवार के लोग अपने -अपने काम से बाहर गए हुए थे। इस दौरामन मकान में ताला जड़ा गया था। अज्ञात ने ताला तोड़कर मकान से सोना चांदी के जेवरात कुल 59 हजार का सामान पार कर दिया। आसपास के लगे सीसी कैमरों को भी पुलिस खंगाल रही है।

### जेएलएन हॉस्पिटल में हुआ प्रशिक्षण शिविर

**भिलाई।** बीएसपी के सेक्टर नौ जेएलएनएच अस्पताल के एनेस्थीसियोलॉजी विभाग द्वारा चेन ऑफ सर्वाइवल को सुदृढ़ करने की दिशा में ओपीडी परिसर में मासिक सीपीआर कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन जागरूकता प्रशिक्षण का आयोजन किया। प्रशिक्षण सत्र में ओपीडी में उपस्थित रोगियों और परिजनों को आकस्मिक हृदयाघात की स्थिति में तत्काल जीवनरक्षक सहायता प्रदान करने जानकारी दी। इस दौरान एनेस्थीसियोलॉजी विभाग की टीम ने बताया कि हृदय गति रुकने के बाद के प्रारंभिक कुछ मिनट अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं।

# युवक अनियंत्रित होकर ट्रक से गिरा, पहिए में फंसकर घसीटते गया, मौके पर ही मौत, पुलिस ने घंटों समेटा शव के टुकड़ों को

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना धमधा थाना क्षेत्र की है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। धमधा पुलिस ने बताया कि वार्ड 5 गणेश नगर जामुल निवासी पुनित राम साहू 24 वर्ष ट्रक में बैठकर जा रहा था। ट्रक में सवार होकर पुनित किसी काम से धमधा आया हुआ था। जहां पर उनके ही दोस्त ट्रक चालक ट्रक लेकर सिरनाभाठा धमधा के चावल गोदाम पहुंचा हुआ था। पुनित को अपने साथ में लेकर गया और ट्रक लोड होने के बाद पुनित राहु ट्रक में बैठकर कोड़िया चावल गोदाम जा रहा था। तभी अचानक खिड़की से चलते ट्रक से नीचे पुनीत गिर गया। इसके कारण ट्रक के पीछे पहिए में फंस कर कुछ दूर तक घसीटते हुए चला गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुनित के भाई की पहले ही मौत हो चुकी है। उसके पिता की भी तबीयत खराब रहती है। मौत की खबर सुनकर पुनीत के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। धमधा थाना प्रभारी युवराज साहु ने बताया कि शव को को पीएम के लिए भेजा गया है। सूचना परिजनों को दे दी गई है। युवक का शव बुरी तरह छत-विक्षित पड़ा था। फिलहाल ट्रक चालक को को पुलिस ने पकड़ लिया है।

## धमधा थाना क्षेत्र की घटना, खिड़की से झांकते समय गिरा था नीचे



### पुलिस जवान सड़क पर शव के टुकड़े उठाते रहे

हादसे की जानकारी लगने पर धमधा पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और मृतक पुनीत राम का शव क्षतविक्षत हालत में सड़क में गिरा पड़ा था। जवान पॉलीथिन में मांस के टुकड़े को उठाते रहे। इसे इकठ्ठा कर पीएम के लिए मरच्यूरी भेजा गया। सड़क हादसे के बाद शव के मांस का टुकड़े पड़ा मिला। इसे लोग देख परेशान होते रहे। जिस तरह का सड़क हादसा हुआ है धमधा क्षेत्र में इतना खतरनाक तरीके से पहली बार होना बताया गया है।

### स्कीम का नया नियम वापस नहीं ले रहा बीएसपी, सांसद व विधायक से उम्मीद


# रिटेंशन का बढ़ा टेंशन, बुढ़ापे में कहां जाएं चौदह सौ सेवानिवृत बीएसपी कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

टाउनशिप में रिटेंशन को लेकर लेकर रहवासी सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मचारियों और अधिकारियों का टेंशन बढ़ता जा रहा है। बीएसपी प्रबंधन द्वारा रिटेंशन स्कीम के नए नियम से सैकड़ों रिटेंशनधारियों के सड़क पर आने की नौबत आ गई है। अब ईक्यू 3,4 और 5 ग्रेड एक्जीक्यूटिव आवासों में रह रहे रिटेंशधारियों को भी हटाने का फरमान जारी कर दिया गया है। इससे उनमें असंतोष है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मियों और अधिकारियों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रिटेंशन स्कीम शुरु की गई थी। इसके तहत जरुरतमंद कर्मियों से एकमुश्त दस लाख रुपए जमा करवाकर उन्हें टाउनशिप में किराए पर आवास आवास आवंटित किए गए। लेकिन पिछले माह बीएसपी द्वारा कुछ रिटेंशधारियों के आवासीय किराया राशि लंबित होने के चलते स्कीम के नए नियम के तहत तीन गुना से अधिक रिटेंशन रेंट बढ़ाकर स्कीम को ही खत्म किया जा रहा है। इस कारण चौदह सौ रिटेंशन आवासधारियों के सामने तंगहाली और बुढ़ापे में आवास को लेकर विकट समस्या आ गई है। रिटेंशधारियों का कहना है कि बीएसपी को खड़ा करने में जीवनभर पसीना बहाया है अब रिटाटर होने के बाद इस ढलती उम्र में 12 हजार 13 हजार रुपए कैसे और कहां से भुगतान कर पाएंगे। रिटेंशन के इस नए नियम को लेकर रिटेंशनधारियों में असंतोष लगातार बढ़ रहा है। यूनियनों द्वारा किसी भी स्थिति में मकान खाली नहीं करने की प्रबंधन को चेतावनी दी है और रिटेंशधारी सिर्फ बिजली बिल और पानी ही जमा कर रहे हैं मकान किराया की जमा नहीं कर रहे हैं।

## बड़े आवासधारियों को भी हटाने का फरमान



### एक्जीक्यूटिव रिटेंशनधारियों को भी हटाने का फरमान

एक ओर रिटेंशधारियों में असंतोष बढ़ रहा है वहीं दूसरी ओर बीएसपी द्वारा रिटेंशनधारियों पर किराया और आवास खाली कराने को लेकर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। चौदह सौ रिटेंशधारियों के नए नियम को वापस लेने को वापस लेना मुश्किल बताया जा रहा है। वहीं अब रिटेंशनधारी अधिकारियों के ईक्यू 3, इक्टू 4 और ईक्टू -5 के आवासधारियों को भी हटाने का फरमान दे दिया है। इससे इन रिटेंशनधारियों में आक्रोश है। यूनियनों के मुताबिक हर माह करीबन सौ कार्मिक रिटायर हो रहे हैं जिनमें कर्मियों के साथ अधिकारी भी हैं। इस माह 16 अधिकारी रिटायर हुए हैं। जनवरी में 22 अधिकारी रिटाय होगे। इनमे कई के सामने आवास की समस्या है। अनेक रिटेंशन पर आवास लेने की तैयारी कर रहे थे, जो अब भारी परेशानी में पड़ जाएंगे। एटक के महासचिव वीके सोनी बताते हैं कि रिटेंशन स्कीम बीएसपी के लिए फायदेमंद है। क्योंकि किराए के रुप में आय के साथ मकानों का नियमित मेंटेनेंस भी हो रहा है । इनमें अवैध कब्जे की भी चिंता से प्रबंधन मुक्त है। फिर रिटेंशन के नए नियम को वापस लेने में क्या परेशानी है।

### विधायक देवेंद्र ने किया था आंदोलन

गौरतलब हो कि बीएसपी के निजीकरण और रिटेंशन के नए नियम को वापस लेने सहित 8 सूत्रीय मांगों को लेकर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने पिछले हफ्ते आमरण अनशन किया था। इस आंदोलन को सभी यूनियनों, लीज संघर्ष समिति व कई संगठनों सहित रिटायर कर्मियों आदि का व्यापक समर्थन मिला था। इसे देखते हुए ए प्रशासन की मध्यस्थता में बीएसपी प्रबंधन की विधायक के साथ हुई समझौता वार्ता में मैत्रीबाग, सेक्टर नौ अस्पताल व बीएसपी स्कूलों का निजीकरण नहीं करने की मांग नहीं करने पर सहमति बनी थी। लेकिन रिटेंशन पर सेल बोर्ड से बात करने मात्र का आश्वासन मिला यानी सहमति नहीं बन पाई थी। विधायक ने पैदल मार्च निकालकर आंदोलन जारी रहने का ऐलान किया था। वहीं दूसरी ओर सांसद विजय बघेल व पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने भी जनहित की इस समस्या पर इस्पात मंत्रालय व सेल बोर्ड से चर्चा कर यथा संभव समाधान का भरोसा रिटेंशनधारियों को दिलाया है।

## दल्ली-राजहरा बीएसपी माइंस अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा माइंस चिकित्सालय में निःशुल्क व्यापक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के वरिष्ठ चिकित्सकों और विशेषज्ञों ने स्थानीय समुदाय को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में 565 से अधिक परामर्श प्रदान किए गए, विभिन्न नैदानिक जांच और उपचार के साथ 25 इंट्राआर्टिकुलर इंजेक्शन तथा 5 प्लास्टर लगाए गए तथा जनरल सर्जन द्वारा दो आईएंडडी सहित अन्य आवश्यक सर्जिकल प्रक्रियाएं की गईं।

- जेएलएन हास्पिटल के विशेषज्ञों किया जांच व परामर्श

शिविर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां.कौशलेन्द्र ठाकुर सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों डॉ. चंदन दास (कार्डियोलॉजी), पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद बिनायके (मेडिसिन), डॉ. अशोक कुमार (नेत्र रोग), डॉ. इमैनुएल मैसी (अस्थि रोग), डॉ. कौशिक किशोर (पीडियाट्रिक), डॉ. पी राजेश्वर राव (जनरल सर्जरी), डॉ. शशांक अग्रवाल (चर्म रोग), डॉ. पी एस शिव्वपा (कान, नाक एवं गला रोग), डॉ. प्रिया पंकज (पेन मैनेजमेंट क्लिनिक), डॉ. मनिला यादव (प्रसूति एवं स्त्री रोग), सुश्री रीता भटनागर (जूनियर मैनेजर), पी आर जया भास्कर (फिजियोथेरेपी), डीएनबी डॉ. आर ए मंडल (अस्थि रोग), डीएनबी डॉ. स्तव्या रे (मेडिसिन), डीएनबी डॉ. गीता (प्रसूति एवं स्त्री रोग) तथा कलोल मैती (जूनियर एमटी) सहित जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र, सेक्टर-9, भिलाई के सहायक अधिकारियों एवं कार्मिकों ने सेवाएं प्रदान की। राजहरा मेडिकल चिकित्सालय के सीनियर कंसल्टेंट एवं प्रभारी डां. मनोज डहरवाल तथा राजहरा माइंस अस्पताल की टीम भी उपस्थित थी। मरीजों को विभिन्न बीमारियों और चिकित्सा-स्वास्थ्य समस्याओं के लिए परामर्श, नैदानिक परीक्षण और उपचार प्रदान किए गए। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने स्थानीय समुदाय को आवश्यक चिकित्सकीय सेवा प्रदान करने का समग्र प्रयास किया। स्वास्थ्य सम्बन्धी सत्र भी आयोजित किए गए, जहां मरीजों को विभिन्न निवारक उपायों और जीवन शैली अपनाने के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

## कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत पर नाली से अवैध निर्माण को हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत अवैध कब्जा एवं निर्माण को हटाने



आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा आदेश जारी किया गया है। आदेश के तारतम्य में सभी जोन क्षेत्र में अवैध कब्जा एवं निर्माण को हटाने की कार्यवाही निगम द्वारा लगातार की जा रही है।

कलेक्टर जनदर्शन में दर्ज शिकायत के आधार पर हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी के सामने मुख्य मार्ग में नाली के उपर किये ढलाई तथा ईंट व पत्थर डाल कर नाली को जाम किया गया था, जिसके कारण नाली की सफाई करने में समस्या आ रही थी। निगम आयुक्त के निर्देशानुसार एवं प्राप्त शिकायत के आधार पर जोन-2 एवं 3 के राजस्व टीम द्वारा अवैध ढलाई को जेसीबी के माध्यम से हटाने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, बसंत देवांगन, बेदखली प्रभारी विनय शर्मा, जोन स्वास्थ अधिकारी शंकर साहनी स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह अनिल शुक्ला, कृष्ण कुमार सुपैत, मदनमोहन तिवारी,समीर अहमद, कार्तिक सहित स्वास्थ्य एवं राजस्व टीम उपस्थित रहे।

## भिलाई निगम ने चार सेवानिवृत्त कर्मियों को दी विदाई, सम्मान भी



**भिलाई।** 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नगर पालिक निगम के 4 कर्मचारियों को बुधवार को ससम्मान विदाई दी गई। निगम उपायुक्त डीके कोसारिया ने कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान आई कठिन परिस्थितियों को बताते अपने अनुभव को बताते हुए प्रेरित किए। विदाई कार्यक्रम में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी कर्मचारियों ने सेवाकाल के दौरान अपने अनुभव को साझा किए। शशिभूषण मोहंती सभी सेवानिवृत अधिकारी व कर्मचारियों के उज्जवल भविष्य हेतु कामना करते हुए किए गए कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी राजेन्द्र सिंह राजपूत कार्यपालन अभियंता, हंसराज पटले चौकीदार, जे. मोहनराव चौकीदार, धन्नालाल मजदूर को उनके परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में विदाई दी गई। इस मौके पर कार्यालय अधीक्षक शालिनी गुरव, वामन राव, राज सच्चर, नवीन साहू, सीताराम यादव, हेमचंद बंजारे, अर्पित द्विवेदी, गिरधर वर्मा, दयालु, विजेंद्र साहू एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सुरक्षा जागरुकता माह में 61 ठेका मजदूरों को किया पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सीओ एंड सीसीडी विभाग में सुरक्षा जागरूकता माह शुभारंभ सुरक्षा ध्वज फहराकर किया गया। विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों को सुरक्षा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहरा ने की। उन्होंने कहा कि कि सुरक्षा केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि संगठनात्मक संस्कृति का अभिन्न अंग होनी चाहिए।

इस अवसर पर विभाग में सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सक्रिय योगदान के लिए 'सुरक्षा मित्र योजना' के अंतर्गत कुल 61 ठेका श्रमिकों को पुरस्कृत किया गया। इन श्रमिकों का चयन विभिन्न सुरक्षा प्रतिस्पर्धाओं जैसे सुरक्षा प्रश्नोत्तरी, टूल बॉक्स टॉक, फुल बॉडी हार्नेस प्रतियोगिता, स्पॉट द हैज़र्ड आदि के माध्यम से किया गया था। यह सम्मान उनके सुरक्षित कार्य व्यवहार एवं कार्यस्थल सुरक्षा के प्रति सजगता का प्रतीक रहा।

## रिसाली वार्ड में बांटे बीपीएल हितग्राहियों को उज्ज्वला गैस



**भिलाई।** रिसाली नगर निगम के वार्ड क्रमांक 20 स्टेशन मरोदा में उज्जवला गैस कनेक्शन हितग्राहियों को दिया गया। जिसमें वार्ड क्रमांक 20 एवं वार्ड 16 के बीपीएल हितग्राहियों को उज्जवला गैस कनेक्शन मिला। इस मौके पर वार्ड के पार्षद चंद्र प्रकाश सिंह और वार्ड पार्षद विनय नेताम ने उज्जवला योजना 3.0 की जानकारी दी।

उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लक्ष्य गरीब परिवारों, खासकर ग्रामीण महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन, सिलेंडर और चूल्हा देना है ताकि वे लकड़ी व गोबर के धुएं से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से बच सकें और सशक्त बन सकें। श्रमिक बस्ती होने की वजह से बीपीएल वर्ग की महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला है। हितग्राहियों को स्वच्छ रसोई के माध्यम से घर-घर और परिवार के स्वास्थ्य में बड़ा बदलाव आएगा। इस मौके पर वरिष्ठ नागरिक नंदकिशोर सिंह, बृजेश सोनी, मुन्नीलाल, नंदलाल गुप्ता, शत्रुघ्न धनकर, विद्या देवी, अंजनी धनकर एवं अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

### दुर्ग महापौर बाघमार ने विभागीय अधिकारियों की ली बैठक

# मोटर पम्प खरीदी में लेटलतीफी को लेकर महापौर नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर में सुचारू रूप से पानी सप्लाई व्यवस्था को लेकर महापौर अलका बाघमार ने विभागीय अधिकारियों कि बैठक लेकर 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट व इंटकवेल में लगाए जाने वाले मोटर पम्प खरीदी की टेंडर प्रक्रिया में लेट लतीफी को लेकर अधिकारियों पर नाराजगी प्रकट किया और इसे जल्द पूरा करने के निर्देश दिए है।

- पानी व्यवस्था सुधारने की कवायद

जलकार्य प्रभारी लीना दिनेश देवांगन की पउपस्थिति में आयोजित बैठक में महापौर अलका बाघमार ने आगामी ग्रीष्म ऋतु के पूर्व पानी की सप्लाई में आने वाले सभी प्रकार की तकनीकी खामियों को दूर करने हर संभव उपाय करने कहा है। इस दौरान जल प्रभारी लीना देवांगन ने इंदौर में दूषित पानी पीने के चलते अनेक लोगों की दुखद मृत्यु की घटना को दुर्ग में भी संज्ञान में लेने की बात कहने पर महापौर अलका बाघमार ने इसके लिए नाला नाली के किनारे बिछे पाईप लाइन को निरंतर चेक करने व कहीं पर भी लिकेज के शिकायत आने पर तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए तथा इसके लिए पार्षदों से भी जानकारी लेने व विभाग स्तर भी टीम गठित करने कहा है। बैठक में निगम के एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर चंद्रशेखर चंद्राकर,नरेंद्र बंजारे कार्यपालक अभियंता प्रकाश थवानी सहायक अभियंता गिरीश दीवान उप अभियंता मोहित मरकाम,उप अभियंता विनोद मांझी,जल कार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर भी मौजूद थे।



### गर्मी के पहले पानी व्यवस्था ठीक करें : महापौर

महापौर अलका बाघमार ने गर्मी से पहले पानी की व्यवस्था ठीक करने के लिए कार्य की प्रगति का हर सप्ताह समीक्षा करने जल विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन को कहा है। साथ ही सभी अधिकारियों को अपना कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। इसके अलावा महाराजा चौक से बोरसी चौक, पुलगांव चौक से जेल चौक तथा चंडी चौक से नया पारा चौक तक रोड चौड़ीकरण के लिए प्रस्तावित पाइपलाइन शिफ्टिंग कार्य टेंडर प्रक्रिया की भी जानकारी लेकर इसे शीघ्र पूरा करने कहा है।

### सभी खराब टैंकर कराएं मरम्मत

महापौर कक्ष में जल गृह विभाग की विस्तृत समीक्षा करते हुए मेयर अलका बाघमार ने शहर के अनेक वार्डो में कम पानी आने की शिकायत पर मालवीय नगर शंकर नाला में बिछे पाईप लाइन में बड़ा लिकेज को शट डाउन कर शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश देते हुए खराब वाल भी जल्द बदलने कहा है साथ ही आगामी फरवरी माह के बाद गर्मी में कई क्षेत्र में लो प्रेशर की समस्या होती है और टैंकर की डिमांड भी बढ़ जाती है इसके लिए अभी से सभी खराब टैंकर की मरम्मत कराया कहा है।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 3 जनवरी 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

## संगीत उत्सव सुनहरे पल में झूमें श्रोता



छत्तीसगढ़ मंच एवं दुर्ग सांस्कृतिक मंच के गायक कलाकार श्रीजा दलाल, गुलाब चौहान, तुलसी सोनी, मदन डोंगरे, दुर्गा, त्रिलोक सोनी, तरुण देशमुख, अमर मारोती, मनोज गुप्ता, मोहन चौहान, योगेश ताम्रकार, महेश सोनकर, नेहल जैन, सतीश शर्मा, विशाल जैन और मतीन ने भजनों और फिल्मी गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियों को सुनकर उपस्थित श्रद्धालु और श्रोता भाव-विभोर हो उठे। सांस्कृतिक संध्या में अजय झग्गर साहू, अबरार पुवार, किशोर जैन सराफ, रवीन्द्र जैन, नीलम सोनी, सोनिया दलाल, हुसैन चौहान, संतोष साहू, प्रणव सोनी, ईश्वर सिंह राजपूत आदि मौजूद थे।

### सिटी इवेंट

## स्वदेशी तकनीक, रोजगार व स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने निकाली पदयात्रा



**भिलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आत्मनिर्भर भारत पदयात्रा का आयोजन वैशाली नगर विधानसभा में किया गया। आत्मनिर्भर भारत पर पदयात्रा और संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने चाय पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन पावर हाऊस स्टेशन में किया गया। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का अर्थ केवल आर्थिक मजबूती नहीं, बल्कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा, स्वदेशी तकनीक, रोजगार सृजन, डिजिटल सशक्तिकरण और राष्ट्रीय आत्मविश्वास है। पदयात्रा के दौरान लोकल फॉर वोकल, मेक इन इंडिया और विकसित भारत 2047 के संदेशों के साथ नारे लगाए गए। पदयात्रा का उद्देश्य नागरिकों को आत्मनिर्भर भारत की योजनाओं जैसे स्टार्टअप इंडिया, स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा, डिजिटल इंडिया और हरित ऊर्जा के प्रति जागरूक करना रहा। अंत में सभी प्रतिभागियों ने 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि इस राष्ट्रव्यापी अभियान का उद्देश्य देश के हर नागरिक में आत्मनिर्भरता और वोकल फॉर लोकल की भावना को जागृत करना है। कार्यक्रम में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन पदयात्रा, कार्यक्रम के संयोजक चिन्ना केशवालु, सह संयोजक पुनम शुक्ला , नटवर ताम्रकर, सहित, नागरिकों, युवाओं, महिलाओं, किसानों, व्यापारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संयोजक त्रिलोचन सिंह, सह संयोजक भारती साहू, विजय सिंह आदि मौजूद थे।


### लाइव इवेंट

## दुनिया की अपेक्षा, चिंताए और प्रतिस्पर्धा छीन लेती हैं सच्ची मुस्कान



**भिलाई।** जो भी करो मजे से करो, जीने के चक्कर में जीना ही गायब हो गया है। अपेक्षाएं ही दुख का मूल कारण हैं। उक्त बातें रुंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में आयोजित व्याख्यान में अतिथि वक्ता ब्रह्माकुमारी ईवी गिरीश ने कही। विश्व ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़े प्रो. गिरीश ने संबंधों में मधुरता विषय पर विश्वविद्यालय के फैकल्टी सदस्यों, स्टाफ और छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों की मुस्कान बहुत प्यारी और निश्छल होती है क्योंकि वे दिल से सच्चे होते हैं, लेकिन जैसे-जैसे बच्चा बड़ा होता है, दुनिया की अपेक्षा, चिंताए और प्रतिस्पर्धा उसकी सच्ची मुस्कान छीन लेती हैं। उन्होंने बताया कि युवा अवस्था तक पहुंचते पहुंचते इतनी अपेक्षाएं घेर लेती हैं कि बचपन की सौम्य और सच्ची मुस्कान कहीं खो जाती है। इसी कारण आज रिश्तों में तनाव और जीवन में असंतुलन देखने को मिलता है। प्रो. गिरीश ने कहा कि सजगता, ध्यान और सकारात्मक संकल्पों के माध्यम से संबंधों और कर्मों में मधुरता विकसित की जा सकती है। उन्होंने 26/11 के मुंबई ताज होटल आतंकी हमले का उदाहरण देते हुए वहां के कर्मचारियों की सेवा-भावना और मानवीय संवेदनशीलता की सराहना की और इसे संबंधों में मधुरता का जीवंत उदाहरण बताया। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आज के समय में व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में संतुलन बनाकर एक बेहतर जीवनशैली अपनाने की जरूरत है। हम अक्सर जीवन की समस्याओं को वास्तविकता से अधिक बड़ा मान लेते हैं, जिससे समाधान का मार्ग कठिन हो जाता है। अहंकार को जीवन का सबसे बड़ा रोड ब्लॉकेज बताते हुए उन्होंने इससे मुक्त होकर सरल, सहयोगी और प्रेमपूर्ण व्यवहार अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में रुंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा के साथ फैकल्टी और छात्रों ने व्याख्यान को प्रेरणादायक बताते हुए प्रो. गिरीश का आभार व्यक्त किया।

## सर्व समाज कल्याण समिति करेगी जनहित कार्य, अरदास कर कार्यालय उद्घाटित



**भिलाई।** सर्व समाज कल्याण समिति और परिवार इंदर द्वारा जनहित के मुख्य उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आर्य नगर, कोहका में हैवी ट्रांसपोर्ट कम्पनी के डायरेक्टर व सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू ने नए कार्यालय का शुभारंभ अरदास के साथ किया। इस कार्यालय के माध्यम से अब प्रतिदिन आमजन सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू से मुलाकात कर अपनी समस्याएं और सुझाव साझा कर सकेंगे। कार्यालय शुभारंभ के अवसर पर सर्व समाज कल्याण समिति के महासचिव मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष जोगा राव, शाहनवाज़ कुरैशी, राम हिंदरिया, कोषाध्यक्ष अनिल चौधरी आदि उपस्थित थे।

### शिवनाथ महोत्सव : साल के पहले दिन से शुरुआत, पिछले छह सालों से किया जा रहा आयोजन

# सुर, श्रद्धा व संस्कारों की त्रिवेणी से गूंजा शिवनाथ तट, बनारस की तर्ज पर महाआरती और इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाजी, 51 हजार दीयों से दीपदान

**दुर्ग। शिवनाथ नदी तट स्थित महमरा एनीकट में साल नए की शुरुआत पूरे आस्था और भक्तिभाव के साथ की गई। इस अवसर पर शिवनाथ महोत्सव का छठवें वर्ष आयोजन किया गया। जहां सुबह से ही लोगो का मेला लगा रहा। शाम को 51 हजार दीपों से महमरा तट को सुंदर सजाकर दीपदान किया गया, साथ ही बनारस की तर्ज पर 11 पंडितों द्वारा महाआरती की गई। इस आयोजन में बच्चों से लेकर बुजुर्ग सहित सभी आयु वर्ग के लोग शामिल हुए। पर्यटकों और भक्तों ने शिवनाथ नदी में आस्था की डुबकी लगाई। इस अवसर पर मेले जैसा माहौल दिखाई दिया।**





### मुंबई की टीम द्वारा की गई इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र, झूमते रहे भक्त

शिवनाथ महोत्सव का यह छठवां वर्ष था, जिसमें हजारों भक्त शामिल हुए। सुबह विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शाम को मुंबई की टीम द्वारा इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रही। महाआरती से पहले विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। रात में करीब साढ़े 8 बजे मंत्रोच्चार के साथ बनारस से आए 11 पंडितों ने आरती की। इसमें शहरवासी शामिल हुए। दुर्ग में आयोजित कार्यक्रम में बनारस की तर्ज पर शिवनाथ महोत्सव में जंपिंग झूले ने बच्चों का मन मोहा, तो युवा वर्ग छग मंच के संगीत कार्यक्रम में झूम उठे। बच्चियां और महिलाओं ने दीपदान में सहयोग किया। आयोजक वरुण जोशी ने कहा कि यह आयोजन हम 22 वर्षों की शिवनाथ नदी के लीज मुक्त होने पर शिवनाथ महोत्सव का आयोजन लगातार छ वर्षों से कर रहे हैं,यहां की आरती देखने आस पास जिलों सहित अन्य प्रदेश के भक्त भी सम्मिलित होते हैं। इस बार मुंबई की टीम द्वारा भव्य इलेक्ट्रॉनिक आतिशबाजी की गई जो कि आकर्षण का केंद्र रही है।

### नृत्य-संगीत के कार्यक्रम ने आयोजन स्थल पर समां बांधा

आयोजन स्थल पर नृत्य-संगीत के कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसमें युवा थिरकते नजर आए। साल का पहला दिन होने की वजह से पूरे दिन लोगों की आवाजाही नदी तट पर बनी रही। लोगों ने अपने-अपने तरीके से इस दिन को सेलिब्रेट किया। वर्षों से लगातार आयोजन किया जा रहा है। प्रतिवर्ष इसकी भव्यता बढ़ते जा रही है। दुर्ग के अलावा आसपास के अन्य जिलों के भी लोग आयोजन में शामिल हुए। आयोजन में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पूर्व विधायक अरुण वोरा, महापौर अल्का बाघमार, डॉक्टर मानसी गुलाटी सहित हजारों की संख्या में भक्त उपस्थित रहे।



## सिविल अस्पताल सुपेला के फॉर्मासिस्ट को दी गई विदाई, साझा किये अनुभव





**भिलाई।** सिविल अस्पताल सुपेला में सुरेश कुमार देवांगन फार्मासिस्ट का कार्यकाल पूर्ण होने उपरांत अस्पताल में उनका विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सुरेश देवांगन सहित उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में अस्पताल के सभी अधिकारी और कैडर के कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत अस्पताल के आरएमओ डॉ. बबीता सक्सेना द्वारा स्वागत किया गया। डॉ बी वाहने, फार्मेसी डिपार्टमेंट से अरुण शर्मा, अशोक सूर्यवंशी, डी क्रांति, शिल्पा सिंह ने अपना अनुभव बताया। सुरेश देवांगन ने अपने कार्य और जीवन काल के बारे में जानकारी दी। अंत में अस्पताल प्रभारी डॉ पीयम सिंह द्वारा सुरेश देवांगन के बारे में और भी बातें बताई गई, साथ ही उनके उत्तम स्वास्थ्य और सुखमय जीवन की प्रार्थना की गई। कार्यक्रम का संचालन मुकुंद जंघेल और नंदकुमार साहू द्वारा किया गया।



### नए साल के पहले शनिवार को आज लगेगा 56 भोग, जुटेंगे श्रद्धालु

**भिलाई।** जनवरी 2026 के प्रथम शनिवार को शनैश्वर धाम शनिमंदिर सड़क 33, सेक्टर 6 परिसर में आज शाम 7 बजे शनिदेव की विशेष पूजा और महाआरती की जायेगी। जिसके बाद शनि देव को छप्पन भोग लगाकर महाप्रसाद वितरित किया जाएगा। इसी क्रम में इस शनिवार को महाप्रसाद वितरण का 215वां सप्ताह सभी भक्तों की उपस्थिति में संपन्न होगा। शनैश्वर धाम शनिमंदिर समिति के संस्थापक सदस्य महेंद्र प्रताप सिंह बबलू ने सभी शहरवासियों से इस अनुष्ठान में आकर शनिदेव का आशीर्वाद प्राप्त कर महाप्रसाद ग्रहण करने को कहा है।

## भाजपा का विधानसभा स्तरीय अटल स्मृति सम्मेलन आज



**दुर्ग।** भारत रत्न, भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी के अवसर पर अटल स्मृति सम्मेलन विधानसभा स्तर पर आयोजित किया जाना है। इसी कड़ी में दुर्ग शहर विधानसभा स्तरीय अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक की अध्यक्षता में 3 जनवरी को दोपहर 2 बजे से आयोजित किया गया है। आयोजित अटल स्मृति सम्मेलन में मुख्य वक्ता कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, जिला संगठन प्रभारी नंदन जैन, बृजेश ब्रिजपुरिया रहेंगे उनके साथ अतिथि महापौर अल्का बाघमार, सभापति श्याम शर्मा रहेंगे। उनके साथ दुर्ग शहर के वरिष्ठ नेतागण भी अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे।

आयोजित बैठक में दुर्ग शहर विधानसभा में निवासरत भारतीय जनता पार्टी एवं मोर्चा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय, प्रदेश, मंडल स्तर के पदाधिकारी कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य, शक्ति केंद्र के संयोजक, सह संयोजक, बूथ अध्यक्ष, नगर निगम के पार्षद एवं समस्त जनप्रतिनिधि अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे ।इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी के जीवन पर व्याख्यान दिया जाएगा। भाजपा के सभी जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस आयोजन में मौजूद रहेंगे।

### आईआईटी में आईट्रिपलई की कार्यशाला का उद्घाटन, ऊर्जा प्रणालियों पर होगी चर्चा

# 500 से ज्यादा शोधपत्रों के मंथन के लिए आईआईटी में सेमिनार देश और विदेश के 50 से ज्यादा प्रोफेसर कर रहे शिरकत

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 6वें आईट्रिपलई अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ऑन इलेक्ट्रिक पावर एंड रिन्यूएबल एनर्जी का शुभारंभ हुआ। आईट्रिपलई के तत्वावधान में आयोजित यह तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 4 जनवरी तक आईआईटी भिलाई में संपन्न हो रहा है। सम्मेलन में देश-विदेश के शिक्षाविद्, शोधकर्ता एवं उद्योग विशेषज्ञ विद्युत शक्ति तथा नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों में उभरती प्रवृत्तियों और चुनौतियों पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। आईआईटी भिलाई में आयोजित उद्घाटन समारोह में संस्थान सहित देश के अन्य प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिष्ठित अतिथि, संकाय सदस्य, शोधकर्ता एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### अतिथियों ने रखे अपने-अपने विचार

समारोह के मुख्य अतिथि नारायण प्रसाद पाधी, निदेशक, मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर रहे। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने विशेष रूप से छत्तीसगढ़ एवं अन्य खनिज-समृद्ध क्षेत्रों के लिए खनन मशीनरी में नवीकरणीय ऊर्जा आधारित समाधानों पर केंद्रित अनुसंधान की आवश्यकता पर बल देते हुए क्षेत्र-विशिष्ट, सतत एवं अनुप्रयोग-उन्मुख तकनीकी विकास की महत्ता को रेखांकित किया। इस अवसर पर उपस्थित अन्य विशिष्ट अतिथियों में राजीव प्रकाश, निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई ने शक्ति एवं ऊर्जा क्षेत्रों में उत्पाद-विकास तथा अनुप्रयोग-उन्मुख अनुसंधान पर बढ़ते फोकस की आवश्यकता बताई। गौतम सूत्रधार, निदेशक, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जमशेदपुर ने बहु-संस्थागत सहयोग के माध्यम से ज्ञान-साझेदारी सुदृढ़ करने पर जोर दिया, जबकि रमेश बंसल, शारजाह विश्वविद्यालय ने उच्च-गुणवत्ता वाले शोध-आउटपुट को बनाए रखने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

### शोधार्थियों में विदेशों से भी आए स्टूडेंट्स

मुख्य भाषण तकनीकी शोध-पत्र प्रस्तुतियां तथा संवादात्मक सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य नवाचार को प्रोत्साहित करना, सहयोग को सुदृढ़ करना तथा विद्युत शक्ति एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्रों में ज्ञान-विनिमय को बढ़ावा देना है। विद्युत अभियांत्रिकी विभाग, आईआईटी भिलाई ने आईट्रिपलई एमपी सेक्शन, आईट्रिपलई इंडस्ट्री एप्लिकेशन सोसाइटी, सभी विशिष्ट अतिथियों, आयोजन समिति के सदस्यों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से उद्घाटन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### शोध गुणवत्ता के सुधार के लिए किया जा रहा आयोजन

संतोष बिस्वास, अधिष्ठाता (अनुसंधान एवं विकास), आईआईटी भिलाई ने संस्थान में चल रही अनुसंधान पहलों एवं प्रायोजित परियोजनाओं की जानकारी साझा की। सम्मेलन का आयोजन शैलेन्द्र कुमार के नेतृत्व में किया जा रहा है, जिन्होंने स्वागत भाषण में सम्मेलन के उद्देश्यों एवं कार्यक्षेत्र को रेखांकित किया। कृष्ण मुरारी, विभागाध्यक्ष, विद्युत अभियांत्रिकी, आईआईटी भिलाई ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। आयोजन अध्यक्षों के रूप में ओएच गुप्ता एवं जितेन्द्र कुमार, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जमशेदपुर भी सहयोग कर रहे हैं। सम्मेलन में कुल 500 से अधिक शोध-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से कठोर सहकर्मी-समीक्षा प्रक्रिया के पश्चात 235 शोध-पत्र प्रस्तुति हेतु चयनित किए गए, जिससे उच्च स्तरीय शोध-गुणवत्ता एवं तकनीकी उत्कृष्टता सुनिश्चित हुई।

## सिटी इवेंट

## मां बम्लेश्वरी की कृपा से समृद्ध बने छत्तीसगढ़ : ताम्रध्वज साहू





**दुर्ग।** नव वर्ष के अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू अपने परिवार के साथ डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर का दर्शन किया। उन्होंने न केवल अपनी भक्ति व्यक्त की, बल्कि प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली, शांति और उन्नति की प्रार्थना की।

ताम्रध्वज साहू ने मंदिर के ऊपरी बम्लेश्वरी मंदिर और निचले बम्लेश्वरी मंदिर दोनों स्थानों पर विधि-विधान से पूजन कर प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की। पूजा के पश्चात ताम्रध्वज साहू ने मंदिर परिसर में उपस्थित भक्तों और श्रद्धालुओं से भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नव वर्ष का यह अवसर हमें नई ऊर्जा प्रदान करता है। मां बम्लेश्वरी की कृपा से छत्तीसगढ़ न केवल समृद्ध बने, बल्कि यहां का प्रत्येक नागरिक सुख-समृद्धि का भागीदार हो।

## सिटी लाइव

## स्वच्छ भिलाई के निर्माण में भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मी सम्मानित



**भिलाई।** नववर्ष 2026 के अवसर पर सेक्टर-4 स्थित मंदिर परिसर में मानवता और सेवा की मिसाल देखने को मिली। कांग्रेस पार्टी द्वारा नगर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने वाले सफाई कर्मचारियों के सम्मान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कड़ाके की ठंड और नववर्ष की शुरुआत में मिले इस सम्मान से सफाई कर्मचारी भावुक और प्रसन्न नजर आए। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस के संभाग अध्यक्ष सौरभ मिश्रा के नेतृत्व में किया गया, जिसमें भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, पार्षदगण और कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस समारोह का उद्देश्य उन सफाई कर्मियों को सम्मानित करना था, जो वर्ष के 365 दिन निस्वार्थ भाव से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में जुटे रहते हैं। समारोह के दौरान लगभग 100 सफाई कर्मचारी सम्मानित किए गए। महिला सफाई कर्मियों को साड़ियां तथा पुरुष कर्मचारियों को शर्ट-पैंट का कपड़ा भेंट किया गया। विधायक देवेंद्र यादव ने भी सफाई कर्मचारियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें नववर्ष 2026 की शुभकामनाएं दीं और कहा कि स्वच्छ भिलाई के निर्माण में इनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सौरभ मिश्रा ने कहा कि भिलाई के सफाई कर्मी हमारे असली रियल वॉरियर्स हैं। इनके कठिन परिश्रम से ही भिलाई स्वच्छ और सुंदर दिखाई देता है। नए साल की शुरुआत इन कर्मवीरों के साथ करना हमारे लिए गर्व की बात है। पार्षद लालचंद वर्मा ने कहा कि सफाई कर्मचारी समाज की रीढ़ हैं। विषम परिस्थितियों में भी वे शहर को साफ रखते हैं, जिसके लिए पूरा नगर उनका ऋणी है। उनका सम्मान करना और उनके बेहतर जीवन की दिशा में कार्य करना हमारी प्राथमिकता है।

## एजुकेशन इवेंट

## प्रतिभा दिखाने का मंच होता है वार्षिकोत्सव : ललित चन्द्राकर



**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शुक्रवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुण्डेरा व कोड़िया के वार्षिक उत्सव में बातौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। वार्षिकोत्सव के दौरान विभिन्न स्पर्धाओं में बेहतर प्रदर्शन के करने वाले छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर उन्होंने साइंस मॉडल की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। स्कूली छात्राओं द्वारा विज्ञान से संबंधित एक से बढ़कर एक मॉडल बनाए थे।

छात्राओं को संबोधित करते हुए विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि आज इस परिसर से ना जाने कितने बच्चे पढ़ाई कर बड़े-बड़े पदों पर सुशोभित है। शिक्षा एक ऐसा मंदिर है जिसके तपस्या से जीवन के हर मुकाम को पास सकते हैं। किसी भी स्कूल का वार्षिकोत्सव बच्चों की प्रतिभा को दिखाने का मंच होता है। स्कूल में बच्चों ने एक से बढ़कर साइंस मॉडल बनाए। आज के बच्चे ही कल का भविष्य होते हैं। प्रदर्शनी में रखे गए मॉडल से बच्चों की सोच का पता चलता है। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान विधायक ललित चंद्राकर ने बच्चों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं शिक्षक-शिक्षिकाओं को बच्चों को अच्छी शिक्षा देने प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि गोविंद साहू, पार्षद खिलेंद्र विक्की चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष एकनाथ अनुपम साहू, शैलेंद्र कुमार साहू, पार्षद हरीश नायक, सांसद प्रतिनिधि इंद्रजीत सोनवानी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी और नगरवासी उपस्थित थे।

---

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और भारतीय ज्ञान प्रणाली के एकीकरण विषय पर कार्यशाला

# भारतीय ज्ञान परम्परा अतीत ही नहीं, वर्तमान और भविष्य की मार्गदर्शक, आधुनिकता के साथ संस्कृति से जोड़ने वाला

**दुर्ग।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और भारतीय ज्ञान प्रणाली का एकीकरण एक समग्र शैक्षिक परिकल्पना विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन शुक्रवार को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास तथा उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा और कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब द्वारा शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में किया गया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भारतीय सभ्यता और संस्कृति की महान परम्परा का प्रतिनिधित्व करती है। यह नीति केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन जीने की समग्र और समर्थ शैली प्रस्तुत करती है। भारतीय ज्ञान परम्परा वेद, उपनिषद, महाभारत, आयुर्वेद, गणित, योग, दर्शन, पुराण, ज्योतिष और खगोल शास्त्र जैसी विविध विधाओं में निहित है। उन्होंने कहा कि भारतीय परम्परा का मूल आधार अध्यात्म, नैतिकता और व्यवहारिकता है। गुरुकुल प्रणाली में शिक्षा केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं था, बल्कि चरित्र निर्माण, अनुशासन और समाज सेवा की भावना को जागृत करना भी था। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि आधुनिक युग में पाश्चात्य प्रभाव के कारण भारतीय ज्ञान परम्परा का महत्व कुछ हद तक कम हुआ है, लेकिन अब इसके संरक्षण और संवर्धन की पुनः आवश्यकता है।







### राज्य सरकार लगातार इस विषय पर फैला रही जागरुकता

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री श्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि यह नीति हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके क्रियान्वयन को लेकर राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है, ताकि इसे बेहतर तरीके से लागू किया जा सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति आने वाली पीढ़ी को आधुनिकता के साथ-साथ भारतीय ज्ञान परम्परा, इतिहास और संस्कृति से जोड़ना है। इसके लिए विभाग लगातार इस दिशा में प्रयासरत है और निश्चित रूप से भविष्य में भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में यह नीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### ज्ञान परम्परा अतीत की धरोहर नहीं वर्तमान और भविष्य की भी मार्गदर्शक

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भारतीय ज्ञान प्रणाली के पुनरुत्थान पर विशेष बल दिया गया है। यह सेमिनार भी उसी प्रयास का हिस्सा है। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए भी मार्गदर्शक है। जब तक हम इसे अपने जीवन और शिक्षा प्रणाली में आत्मसात नहीं करेंगे, तब तक इसका संरक्षण संभव नहीं है। कार्यक्रम में उपस्थित विद्वानों के विचारों के आदान-प्रदान से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को और अधिक समृद्ध बनाने में सहयोग मिलेगा। यह नीति भारत की दिशा और दशा तय करने वाली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के 2047 विकसित भारत के विजन को साकार करने में यह नीति महत्वपूर्ण योगदान देगी।

### सामूहिक प्रयास से ही मिलेगी सफलता

विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली डॉ. अतुल कोठारी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का गहन अध्ययन कर उसका प्रभावी क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है और यह तभी संभव है, जब सभी विद्वानों मिलकर इस नीति को धरातल पर उतारने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करें। इस अवसर पर गुरु घासीदास केन्द्रीय विवि बिलासपुर के कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल, आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग संतोष कुमार देवांगन, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर प्रो. एडीएन वाजपेई, पंडित सुंदर लाल शर्मा विश्वविद्यालय बिलासपुर प्रो. विरेन्द्र कुमार सारस्वत, छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई डॉ. अरुण अरोरा, क्षेत्रीय अपर संचालक सहित राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नोडल, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अधिकारी व बड़ी संख्या में सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे।

---

## हनुमंत आराधना का आयोजन

# जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है हनुमंत कथा





**भिलाई।** नववर्ष पर सेक्टर 9 हनुमान मंदिर में मंगलमूर्ति धाम पीठ द्वारा अखंड हिंदू राष्ट्र की स्थापना के लिए हनुमंत आराधना का आयोजन किया गया। महंत कान्हा महाराज और देवा महाराज के श्रीमुख से हनुमंत आराधना का श्रवण करने बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए।

हैवी ट्रांसपोर्ट कम्पनी के डायरेक्टर और सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू भी शामिल हुए। उन्होंने पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इंद्रजीत सिंह ने कहा कि हनुमंत कथा हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि भगवान हनुमान के आदर्शों और मूल्यों को अपनाकर हम अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं और समाज में सुख-शांति की स्थापना कर सकते हैं। इस पावन अवसर पर पंडित युवराज पांडेय, कैबिनेट मंत्री राकेश पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्ग सरस्वती बंजारे, पद्मश्री डॉ. उषा बारले, डॉ. संतोष राय, मलकीत सिंह, जोगा राव, शाहनवाज़ कुरैशी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद थे।

## चेंबर का भ्रमण

# युवा व्यापारियों ने शैक्षणिक और विकास की गतिविधियों का किया अवलोकन



**भिलाई।** भिलाई चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई व्यापारियों के हित के लिए नित नए कार्यक्रम आयोजित कर व्यापारियों को नवाचार पद्धति व नए इनोवेशन अपडेट से अवगत कराता है। इसी कड़ी में प्रदेश महामंत्री अजय भसीन व भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि टीम प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन कुरूद के भ्रमण पर पहुंची। इस अवसर पर चेम्बर द्वारा युवा व्यापारियों को साथ लेकर शैक्षणिक एवं कौशल विकास की गतिविधियों का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया।

भ्रमण के दौरान प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट और समाज के कमजोर वर्गों के लिए किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई। चेम्बर के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं की स्किल और क्षमता ही देश के विकास में सबसे बड़ा योगदान है। यदि युवा अपने कौशल को सही दिशा में विकसित करें तो आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि चेम्बर स्किल्ड युवा को नए आयाम स्थापित करने में पूर्ण योगदान देगा।

भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल डिग्री नहीं, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान, स्किल और सामाजिक जिम्मेदारी ही सफलता की कुंजी है। ऐसे शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थानों से जुड़कर युवा न केवल अपने भविष्य को मजबूत बना सकते हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। इस दौरान विनय सिंग, चिन्ना राव, मनोहर कृष्णानी,दर्शन खटवानी, राजेश शर्मा, लक्ष्मण आयलानी, प्रेम रतन गहलोत, सुनील मिश्रा, सरमद इमाम, शिवराज शर्मा, अखिलेश सिंह, सुभाष साहू, भरत सिह, निरंकार सिंह, देवेंद्र बारहा, विजय गुप्ता, जय सोनी, रामु राव अनिल अग्रवाल, अब्बास भाई उपस्थित थे।

---

### हरिद्वार से पहुंचे प्रज्ञा पुत्रों ने संस्कारों और सात्विकता का दिया संदेश

# 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में देवशक्तियों का आह्वान कर जन कल्याण भाव से डाली आहूति

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में शिव गायत्री मंदिर रिसाली सेक्टर भिलाई में राष्ट्रीय शौर्य समृद्धि के लिए 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। चार दिवसीय आयोजन का आज समापन होगा। 31 से 3 जनवरी तक छोटा दशहरा मैदान रिसाली में आयोजित 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की शुरुआत कलश यात्रा के साथ हुआ। कार्यक्रम के दूसरे दिन गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार से आये केंद्रीय टोली के सदस्य अशोक ढोले, गणेश चंद्रवंशी, शक्ति सिंह, अभिषेक बैरागी और अलंकार द्वारा 33 कोटि देवशक्तिओं का आवाहन कर यज्ञ प्रारंभ किया गया। जहां देव शक्तियों की उपस्थित में जगत के कल्याण, पर्यावरण संरक्षण, सुखशांति समृद्धि, मंगलमय जीवन और उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए यज्ञ भगवान का स्मरण कर 24 कुण्डो में आहूति समर्पित किया गया। इस अवसर पर यज्ञ करने और शांतिकुंज का संदेश सुनने लोगो की भीड़ रही। इस बीच शांतिकुंज हरिद्वार से आये टोली नायक अशोक ढोले ने गायत्री मंत्र और गायत्री यज्ञ की महत्ता को बताता हुए कहा कि पुराणों में उल्लेख है कि देवलोक में देवताओं के पास कामधेनु गौ है, वह अमृतोमय दूध देती है, जिसे पीकर देवतागण हमेशा संतुष्ट और प्रसन्न रहते है। दूसरा उस गौ में प्रमुख विशेषता यह भी है कि उसके समीप कोई अपनी कुछ कामना लेकर जाता है तो उसकी मनोकामना तुरंत पूरी हो जाती है। इस धरा पर कल्पवृक्ष के सामान गायत्री रूपी कामधेनु है जो अपने निकट पहुंचनें वाले की हर मनोकामना शीघ्र पूरी करती है।



### गायत्री उपासना और गायत्री यज्ञ जन सुलभ

लोग आज अज्ञान, आशक्ति और अभाव इन तीन कारणों से बहुत ही दुखी है। इससे छुटकारा पाने लोग तरह-तरह के उपाय करते रहते है लेकिन अज्ञान, अशक्ति के कारण सदैव आभाव महसूस करते रहता है। कुछ स्थानों में आज भी लोग गायत्री से दूर रह रहे है या रखा गया है। इससे छुटकारा दिलाने इस युग के विश्वामित्र पं श्रीराम शर्मा आचार्य ने गायत्री मंत्र, गायत्री उपासना और गायत्री यज्ञ को जन सुलभ कराया है। आज 15 करोड़ महिला, पुरुष, बच्चे हर जाति, धर्म संप्रदाय के लोग गायत्री की साधना, आराधना,उपासना कर रहे है और जीवन के सबसे कष्ट मार्ग अज्ञान, अशक्ति, और अभाव से दूर हो रहे है। कार्यकर्ता मोहन उमरे ने बताया कि शुक्रवार को संगीतमय दीपयज्ञ किया गया। शनिवार को यज्ञ अनुष्ठान की पूर्णाहुति होगी जिसके बाद प्रसाद का वितरण किया जायेगा।

### रोज दी जा रही आहूति

24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में भिलाई पहुंचे प्रज्ञा पुत्रों सहित भिलाई जिला गायत्री परिवार के उप जोन समन्वयक एस. पी. सिंग, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, प्रमुख ट्रस्टी डॉ कामता प्रसाद साहू, डॉ पी.एल.साव शशि सिन्हा, डॉ एस. कुमार, डॉ लक्षप्रद नंदुकर, डॉ रानू लक्षप्रद नंदुकर, धीरज लाल टांक, कृष्णा साहू , कविता साहू, रामाधार महिलांग, के.पी.बघेल, नन्द वर्मा, वर्षा वापरे, सत्यभामा चन्द्राकर, पवन उइके, राजेन्द्र वानखेड़े, डॉ अमृत गुरूवेन्द्र, टेक राम साहू, भुवन लाल साहू, रोमलाल साहू, नरेश वर्मा, सदानंद साहू, सरिता साहू ,हीरा बाई साहू, जितेन्द्र प्रसाद साहू सहित दुर्ग-भिलाई के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-15 में छत्तीसगढ़ की जीत गीत और यति की शानदार पारी

**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से महिला अंडर 15 वनडे क्रिकेट टुर्नामेंट 2026 का आयोजन शुक्रवार से शुरू हुआ। जिसमें





छत्तीसगढ़ की टीम का पहला मैच इंदौर में चंडीगढ अंडर-15 टीम के विरुद्ध खेला गया। चंडीगढ अंडर 15 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। चंडीगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 35 ओवरों में 6 विकेट खोकर 173 रन बनाये। चंडीगढ़ की शुरूवात अच्छी रही, उनके प्रांरभिक बल्लेबाज अनवी राणा ने 51 रन तथा आयु ने 26 रन बनाये तथा पहले विकेट के लिये 33 रन की साझेदारी की। उनके अतिरिक्त रीया यादव ने 22 रन बनाये। छत्तीसगढ़ अंडर 15 टीम के सभी गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया तथा चंडीगढ के बल्लेबाजो को रन बनाने से रोके रखा। छत्तीसगढ़ की ओर से अभिलाषा बारा तथा संतोषी बाई ने 1-1 विकेट प्राप्त किए। 174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ अंडर 15 की टीम ने 22.2 ओवरों में बिना विकेट खोये 174 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रारंभिक बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुये तेज गति से रन बनाये तथा अपना विकेट बचा कर रखा। यति शर्मा ने 78 गेंदों में 12 चौको तथा 2 छक्कों की मदद से नाबाद 91 रन बनाये, साथ ही गीत डहरिया ने 56 गेंदों में 7 चौकों की मदद से नाबाद 58 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ ने मैच 10 विकेट से जीत लिया।

### हरिशंकर महाविद्यालय की क्रिकेट में जीत



**रायपुर।** शासकीय महाविद्यालय अभनपुर में अंतर महाविद्यालीन किंकेट (पुरूष) प्रतियोगिता 29 दिसंबर से 01 जनवरी तक आयोजित की गई। जिसमें पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. से संबद्ध 18 महाविद्यालयों ने भाग लिया। जिसमें पं. हरिशंकर शुक्ल स्मृति महाविद्यालय, कचना की टीम ने लगातार अपनी बढ़त बनाते हुए फाइनल में जगह बना कर विप्र कॉलेज को हराकर 19 ओवर में अपनी जीत दर्ज कर ली। इस टीम के शशांक नेताम ने बेस्ट बॉलर का खिताब लिया एवं कप्तान कृतेश साहू मैन ऑफ द सीरिज का खिताब प्राप्त किया। इसी प्रकार हरिशंकर महाविद्यालय के ही बीपीई के छात्र स्वप्निल यादव ने मंगलूरू में पांचवीं राष्ट्रीय फिन्स तैराकी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल हासिल कर महाविद्यालय का नाम रौशन किया। इन सभी छात्रों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के चेयरमैन सुशील शुक्ला एवं प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा ने सभी खिलाडियों को ₹श्रीफल₹, शाल एवं नगद राशि दे कर सम्मानित किया एवं सभी प्राध्यापकों ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी योग स्पर्धा में रविवि की टीम



**रायपुर।** ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी योग महिला स्पर्धा का आयोजन स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान, बैंगलोर में 5 से 9 जनवरी तक आयोजित है। जिसमें पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की योग महिला टीम भाग लेने के लिए 1 जनवरी को रवाना हुई। जिसमें इंडिविजुअल कैटेगरी में आकृति तिवारी, रिदमिक कैटेगरी में साक्षी वर्मा तथा ग्रुप इवेंट में नीलम, चेतना, टीमेश्वरी, भीणेश्वरी, जानवी गुप्ता, सुनीति प्रधान शामिल है। टीम के कोच के रूप में पुरिदर योग प्रशिक्षक तथा मैनेजर के रूप में सुश्री उपासना विश्वकर्मा है। टीम के बेहतर प्रदर्शन के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति सच्चिदानंद शुक्ल, प्रो रीता वेणुगोपाल संचालक शारीरिक शिक्षा विभाग, प्रो राजीव चौधरी अध्यक्ष शारीरिक शिक्षा अध्ययन शाला और प्रो सीडी आगाशे ने शुभकामनाएं दी हैं।

## हाल के वर्षों में बढ़ी है छोटे बच्चों में पेट की समस्या

# बिगड़ रहा छोटे बच्चों का भी हाजमा, कब्ज की समस्या से जूझ रहे हैं बहुत से मासूम

छोटे बच्चों को भी कब्ज की समस्या परेशान कर सकती है। आप इन टिप्स की मदद से बच्चों को कब्ज से बचा सकते हैं। कब्ज सिर्फ बड़े बुजुर्गों की समस्या नहीं है। यह समस्या बच्चों को भी परेशान कर सकती है। कई बार बच्चों को यह समझ में ही नहीं आता है कि उनके पेट में दर्द क्यों हो रहा है या फिर मल त्यागने के वक्त क्यों परेशानी हो रही है? ज्यादातर यह समस्या ठंड में होती है।इससे कारण बच्चों को काफी असहजता और तकलीफ का सामना करना पड़ता है।अगर आप भी अपने बच्चे को कब्ज की समस्या से बचाना चाहते हैं तो एक्सपर्ट के बताए इन टिप्स को जरूर फॉलो करें।



### बच्चों को कब्ज की समस्या से कैसे बचाएं

अपने बच्चों के खाने की थाली में डाइटरी फाइबर शामिल करें। इससे भी पाचन स्वास्थ्य सही होता है। फाइबर फूड्स में आप बच्चों को फल, बींस, हरी सब्जियां साबुत अनाज जैसी चीजें दे सकते हैं। बच्चों को पेट में दर्द या मल त्यागने में दिक्कत हो रही है तो आप उनके तरल पदार्थ का सेवन बढ़ा दें। ठंड में वैसे भी पानी का इनटेक काम हो जाता है। ऐसे में उन चीजों का सेवन करवाएं जिसमें पानी की मात्रा ज्यादा होती हो, इसके अलावा आप फलों का जूस वगैरह भी दे सकते हैं। जिससे कब्ज होने का रिस्क कम हो जाता है।

ठंड के मौसम में फिजिकल एक्टिविटी काम हो जाती है। इससे भी पाचन क्षमता पर असर पड़ता है और कब्ज की शिकायत हो जाती है। ऐसे में ध्यान रखें कि आपका बच्चा जितना हो सके एक्टिव रहे। इससे भी कब्ज से बचाव किया जा सकता है। हमेशा अपने बच्चों को यह सिखाएं कि वह कभी भी नेचर कॉल को इग्नोर ना करें। दरअसल बच्चे कई बार खेल कूद के चक्कर में नेचर कॉल को इग्नोर कर देते



हैं और इस कारण भी कब्ज की समस्या हो जाती है। कई बार मल त्यागने के दौरान दर्द भी होता है। ऐसे में उन्हें बताएं कि जब उन्हें टॉयलेट जाने की जरूरत महसूस हो तो वह कभी भी इसे इग्नोर ना करें। बच्चों का टॉयलेट रूटीन भी फिक्स करवाएं। इससे भी कब्ज की समस्या में राहत मिलती है।

छोटे बच्चों में कब्ज की बढ़ती समस्या चिंताजनक है, जो अक्सर खराब खान-पान (फाइबर की कमी), पानी कम पीना, और शारीरिक गतिविधि की कमी के कारण होती है, जिससे पेट दर्द, भूख न लगना जैसी दिक्कतें होती हैं; इससे राहत के लिए फाइबर युक्त आहार (फल, सब्जियां, साबुत अनाज), खूब पानी, नियमित व्यायाम, और खाने के बाद टॉयलेट जाने की आदत डालें, और समस्या गंभीर हो तो डॉक्टर की सलाह लें।

कारण की हम चर्चा करें तो आहार में बदलाव को सबसे पहले स्वीकार करना होगा। आज जंक फूड, प्रोसेस्ड फूड और डेयरी उत्पादों का अधिक सेवन, फाइबर युक्त भोजन (फल, सब्जियां, साबुत अनाज) की कमी, पर्याप्त मात्रा में पानी न पीना शामिल हैं। इसी तरह शारीरिक निष्क्रियता जिसमें खेलने-कूदने या व्यायाम न करना शामिल हैं। शौचालय जाने की इच्छा रोकना भी समस्या है। कई बार खेल या मोबाइल में व्यस्त रहने के कारण बच्चों में मल त्यागने की इच्छा को टालने की प्रवृत्ति देखी जाती है। आम तौर पर बच्चों में कठोर और सूखा मल त्यागना,पेट में भारीपन, गैस, पेट दर्द, भूख न लगना और थकान जैसे लक्षण देखे जाते हैं।

इससे बचाव के लिए आहार में सुधार जरूरी है। बच्चों को सेब, आलूबुखारा, नाशपाती और पपीता जैसे फल खिलाएं। हरी सब्जियां, ओट्स, ब्राउन राइस और चिया सीड्स शामिल करें। मैदा, सफेद ब्रेड और प्रोसेस्ड स्नैक्स से बचें। तरल पदार्थ में खूब पानी पिलाएं, फलों का पतला रस (सेब, आलूबुखारा) दे सकते हैं। शारीरिक गतिविधि में बच्चों को दौड़ने, कूदने और साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित करें।





## वजन कम करने फायेदमंद है योगासन, दिखेगा असर

अगर आपका वजन भी बढ़ रहा है, तो ऐसे में जरूरी हो जाता है कि आप कुछ योगासन की मदद लें। दरअसल, इन योगासन को करके आप अपने बढ़ते वजन को कंट्रोल कर सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में...

### धनुरासन

आपका वजन बढ़ रहा है, तो आप धनुरासन का अभ्यास कर सकते हैं। बैली फैट को कम करने में ये काफी असरदार माना जाता है। इसके अलावा हाथ और पैरों की चर्बी कम करने के लिए भी आप इस योगासन को कर सकते हैं।

### अधोमुख श्वासन



इस अधोमुख श्वासन को करके बैलेंस बनने के साथ शरीर में मजबूती आती है। पेट की चर्बी को कम करने के लिए इस योगासन को सबसे ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। वहीं, सबसे खात बात ये कि लोअर बॉडी फैट को कम करने के लिए ये योगासन बेहतर विकल्प हो सकता है।

### चतुरंग दंडासन

अगर आपके पेट की चर्बी बढ़ गई है, तो फिर आप आज से ही चतुरंग दंडासन का अभ्यास करना शुरू कर सकते हैं। आप अगर इस योगासन को नियमित रूप से करते हैं, तो शरीर के निचेल भाग के बढ़े वजन को नियंत्रित किया जा सकता है।

### वीरभद्रासन

अगर आप अपना वजन कम करके खुद को स्लिम फिट करना चाहते हैं, तो फिर आप वीरभद्रासन का अभ्यास कर सकते हैं। पूरे शरीर की स्ट्रेचिंग करने के लिए भी ये योगासन काफी सही और उपयोगी माना जाता है। इसलिए अगर आपका वजन बढ़ रहा है, तो आप इसे कर सकते हैं।

### सूर्य नमस्कार

योग कक्षाओं में अक्सर शरीर को उष्णता एवं ऊर्जा प्रदान करने वाली मुद्राओं की एक श्रृंखला के रूप में सूर्य नमस्कार का उपयोग किया जाता है। यह पूरे शरीर पर काम करता है, जिससे यह वजन घटाने के लिए योग व्यायाम का आदर्श स्थिति बन जाता है। यह गर्दन, कंधे, रीढ़, बांह, हाथ, कलाई, पैर और पीठ की मांसपेशियों को सशक्त बनाता है। मुख्य बात यह है कि इसे किस तरीके से किया जाता है। नाभि को अंदर रखते हुए इसे करने से सर्वोत्तम परिणाम मिलते हैं।

### कोणासन

कोणासन कमर के आसपास की चर्बी के निस्तारण में मदद करता है, जो अंततः पेट की चर्बी कम करने के लिए किसी भी अन्य योग क्रिया जितना ही प्रभावी होता है। इसके अलावा, कोणासन को दैनिक योग के दिनचर्या में शामिल करने से लचीलापन आता है तथा संतुलन में सुधार होता है एवं यह पाचन तंत्र मजबूत करने में सहायक होता है, अप्रत्यक्ष रूप से यह वजन घटाने के प्रयासों में सहायक होता है।



## इस मौसम में तिल से बनाएं अलग-अलग डिश



मकर संक्रांति का त्योहार आने वाला है, इस पर्व में लोग तिल से बनी चीजों से मुंह मीठा करते हैं। यदि आप भी तिल के लड्डू और चिक्की से बोर हो गए हैं, तो इस साल तिल के इन अनोखी चीजों से करें मुंह मीठा।

### तिल रेवड़ी

घर पर रेवड़ी बनाने के लिए तिल को साफ करें और धूप में सुखा लें। गुड़ को पैन में पिघलाकर चाशनी बनालें। एक तरफ साफ तिल को भूनकर ठंडा कर लें। चाशनी में घी, इलायची पाउडर और बेकिंग सोडा डालकर मिक्स करें। साथ ही इसमें तिल डालकर अच्छे से मिक्स करें। रेवड़ी का मिश्रण तैयार है, झटपट रेवड़ी बनाएं और ठंडा कर खाने के लिए सर्व करें। तिल की रेवड़ी को आप गुड़ के अलावा चीनी से भी बना सकती हैं।

### तिल बर्फी

तिल बर्फी बनाने के लिए तिल को पहले रोस्ट करें और मिक्सी में दरदरा पीस लें। एक पैन में चीनी और एक कप पानी डालकर एक तार वाली चाशनी बना लें। चाशनी बन जाए तो उसमें मावा मिलाकर अच्छे से फेंटते हुए मिक्स करें और आखिर में तिल मिला लें। तिल मिलाने के बाद बढ़िया खुशबू के लिए इलायची पाउडर डालकर बर्फी को एक ट्रे में घी लगाकर फैला लें। ठंडा होने के बाद तिल की बर्फी को मनचाहे आकार में काटकर खाने के लिए सर्व करें।

### तिल पोली

तिल की पोली बनाना बहुत आसान है इसके लिए पहले तिल को भूनकर पीस लें। अब तिल पाउडर में गुड़ मिलाकर अच्छे से मिला लें। पोली बनाने के लिए मैदा और नमक डालकर गूंथ लें। मैदा के आटेसे लोई लें और छोटी-छोटी पूड़ी बेलकर उसमें गुड़ और तिल के मिश्रण को भरकर बेल लें। पोली बेलने के बाद घी या फिर तेल में अच्छे से सेंक लें। आपका तिल पोली तैयार है खाने के लिए सर्व करें।

### तिल को भूनना और सही तरीके से पीसना

सबसे पहले आप डेढ़ कप सफेद तिल लें और उन्हें एक कड़ाही में धीमी आंच पर डालें। इन्हें तब तक सेंकें जब तक कि ये अच्छी तरह से फूल न जाएं और हल्का गुलाबी रंग न आ जाए। धीमी आंच पर भूनने से तिल अंदर तक पक जाते हैं और उनका कच्चापन खत्म हो जाता है। अब भुने हुए तिल को तुरंत कड़ाही से निकालकर पूरी तरह से ठंडा होने दें। इसके बाद ही मिक्सर जार में पीसें। तिल को ठंडा करके ही पीसना चाहिए। गरम तिल पीसेंगे, तो वे तेल छोड़ देंगे, जिससे मिठाई का स्वाद खराब हो जाएगा और मिश्रण चिपचिपा बन जाएगा। तिल की मिठाई में मिठास और बाइंडिंग का काम गुड़ की चाशनी करती है। तो एक पैन लें और उसमें आधा कप पानी डालें। इसके बाद उतना ही गुड़ डालें जितना आपने तिल लिया था यानी कि डेढ़ कप गुड़। गुड़ और पानी को तब तक गर्म करें जब तक कि गुड़ पूरी तरह से मेल्ट होकर एक गाढ़ी चाशनी न बन जाए। गुड़ की चाशनी तैयार होने के बाद, इसमें तुरंत पिसे हुए तिल का पाउडर मिक्स कर लें। इसके बाद, मिश्रण को गाढ़ापन और बेहतरीन स्वाद देने के लिए डेढ़ कप नारियल का बुरादा भी डालकर अच्छी तरह मिला लें।

### राज्य स्तरीय बॉडी बिल्डिंग और पावर लिफ्टिंग आज से



**रायपुर।** रायपुर जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन एवं टी गोल्ड जिम के तत्वाधान में स्टेट बॉडी बिल्डिंग और पावर लिफ्टिंग के साथ स्ट्रेंथ लिफ्टिंग की प्रतियोगिता बूढ़ेश्वर मंदिर भवन पुरानी बस्ती में 3 एवं 4 जनवरी को रखी गई है। छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग के महासचिव मानिक ताम्रकार एवं छत्तीसगढ़ स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष शीतलेश पटेल ने बताया कि प्रतियोगिता का उदघाटन दक्षिण विधायक रायपुर के सुनील सोनी और पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल होंगे। नगर निगम रायपुर के जोन क्रमांक-5 के अध्यक्ष अंबर अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस प्रतियोगिता में 2 लाख नगद ईनाम दिए जाएंगे। छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गेश साहू ने बताया कि बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता विभिन्न वजन वर्गों के आधार पर किया जाएगा। जिसमें मि रायपुर, मि मेन्स फिजिक रायपुर के साथ मि छग एवं मि छत्तीसगढ़ मेन्स फिजिक की प्रतियोगिता होगी। 3 जनवरी को पावर लिफ्टिंग और मि रायपुर बॉडी बिल्डिंग होगा 4 जनवरी को स्ट्रेंथ लिफ्टिंग और मि छग बॉडी बिल्डिंग की प्रतियोगिता होगी।

कार्नर न्यूज

## राज्य के अलग-अलग शहरों में जारी है अंडर-19 के मुकाबले

# सीएससीएस क्रिकेट में रोमांचक दौर शुरू

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप चार दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे राउंड के मुकाबले शुक्रवार को राज्य के अलग-अलग शहरों में शुरू हुए। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम रायपुर विरुद्ध बिलासपुर ब्लू में बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर ब्लू पहली पारी 230 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में रायपुर ने पहली पारी बिना कोई विकेट खोए 18 रन बनाए। दल्ली राजहरा में टीम कांकेर विरुद्ध राजनांदगांव में बल्लेबाजी करते हुए कांकेर टीम पहली पारी 127 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में राजनांदगांव ने पहली पारी में पांच विकेट पर 253 रन बनाए। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम बीएसपी विरुद्ध प्लेट कंबाइंड के मैच में बल्लेबाजी करते हुए प्लेट कंबाइंड ने पहली पारी पांच विकेट पर 276 रन बनाए। अमन ने 80 रन , रूद्र साहू नॉट आउट 64 रन और त्रयंबकेश्वर प्रताप सिंह ने 58 रन और अंशुल सिंह ने नॉट आउट 35 रन बनाए। गेंदबाजी में बीएसपी के प्रक्षाल जैन ने तीन विकेट और अभ्युदय सिंह एवं अभिषेक शुक्ला ने एक-एक विकेट लिए। धमतरी में टीम दुर्ग विरुद्ध बिलासपुर के बीच मुकाबले में बल्लेबाजी करते हुए दुर्ग टीम पहली पारी 187 रन पर आउट हो गई। आनंद त्रिपाठी ने 49 रन, रुद्र शुक्ला ने 39 रन और शिवम यादव ने 21 रन बनाए। गेंदबाजी में बिलासपुर के श्रीसंत खरे ने चार विकेट, हर्षित सिंह और एवं अयान उपाध्याय ने दो-दो विकेट लिए।



### स्कूल स्तरीय क्रिकेट 9 से

भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रथम अंतर शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन सी 3 ग्राउंड हुडको में 9 जनवरी से 15 जनवरी तक किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 40- 40 ओवरों की होगी।जिसके लिए दो ग्रुप बनाए गए हैं। ग्रुप ए में एमजीएम स्कूल ,हरिटेज, केपीएस नेहरू नगर एवं नालंदा स्कूल शामिल है। वहीं ग्रुप बी में शंकराचार्य, डीपीएस रिसाली, केपीएस सुंदर नगर एवं डीएवी हुडको शामिल है। यह जानकारी भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भास्कर गोस्वामी ने दी है।

### नेशनल क्रिकेट का चयन 6 को

भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के तत्वाधान में महाराष्ट्र टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के द्वारा 36 वीं सीनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप पुरुष एवं महिला चैंपियनशिप 19 जनवरी से 22 जनवरी तक नागपुर महाराष्ट्र में आयोजित है। उक्त चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट संघ की पुरुष एवं महिला टीम प्रतिनिधित्व करेंगी। इसके लिए 6 जनवरी को सेक्टर-1 क्रिकेट स्टेडियम में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 तक चयन स्पर्धा आयोजित है।

### बॉक्सिंग में ओम को स्वर्ण और समीर को कांस्य पदक



17वीं छत्तीसगढ़ राज्य एलिट पुरुष एवं महिला चैंपियनशिप जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड के परिसर में 11 से 13 दिसंबर तक आयोजित की गई। इस चैंपियनशिप में भाग लेने बी.एस.पी. द्वारा सेक्टर-1 बॉक्सिंग क्लब के ओम सोनी 85-90 किलो वर्ग एवं ए. समीर 60-65 किलो वर्ग में चयन किया गया था। उक्त चैंपियनशिप में भाग लेते हुए ओम सोनी ने स्वर्ण एवं ए. समीर ने कांस्य पदक प्राप्त किए। ओम सोनी का चयन 85-90 वर्ग में 04 जनवरी से 10 जनवरी तक नोएडा में आयोजित सीनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भाग लेने हुआ हैं। सेक्टर-1 बॉक्सिंग क्लब के कोच एवं नेशनल रेफरी व जज कुलदीप सोनकर ने बताया कि खिलाडियों की इस उपलब्धि पर दुर्ग के सांसद एवं छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष विजय बघेल, छत्तीसगढ़ बॉक्सिंग एसो. के अध्यक्ष आर. राजेंद्रन, सहायक कोच गुरविंदर सिंह, भिलाई में बॉक्सिंग के जन्मदाता आर.एन. बैनर्जी, सीनियर बॉक्सर पी.के. राय एवं समस्त पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'टाइटैनिक' फेम केट बोलीं- टीनएज में हुए खास एहसास, बड़े एक्टर्स भी छिपाते हैं बातें



फिल्म 'हेवनली क्रीचर्स' में मेलानी लिन्स्की के साथ इंटिमेट सीन करने वाली केट विंसलेट ने बड़ा खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने अपने पहले इंटिमेट अनुभव के बारे में बताया है, जो काफी अलग था। जानिए एक्ट्रेस ने ऐसा क्या बताया जिसे सुनकर आप भी हैरान हो जाएंगे। 'टाइटैनिक' जैसी आइकॉनिक फिल्म का हिस्सा रहीं ऑस्कर विजेता अभिनेत्री केट विंसलेट ने अपने बारे में चौंकाने वाला खुलासा किया है। साथ ही उन्होंने एलजीबीटीक्यू+ समुदाय से आने वाले कलाकारों को लेकर भी अपनी राय रखी। एक्ट्रेस ने बताया कि टीनएज में उनके किस तरह के संबंध रहे और कब व किसके साथ वो पहली बार इंटिमेट हुईं। टीम डीकिन्स पॉडकास्ट के हालिया एपिसोड में केट विंसलेट ने जीवन के अपने शुरुआती दौर को लेकर बात की। इस दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि टीनएज में वो पहली बार लड़कियों के साथ ही इंटीमेट हुई थीं। एक्ट्रेस ने कहा कि किशोरावस्था में मैंने लड़कियों के साथ किस किया था। जो मेरे पहले अंतरंग (इंटिमेट) अनुभवों में से एक था। हालांकि इसके बाद मैंने लड़कों को भी किस किया। हालांकि, उस समय मैं ये समझ ही नहीं पा रही थी कि मैं किस दिशा में जा रही हूं या मेरे अंदर किसके लिए फीलिंग्स हैं।

इस दौरान केट विंसलेट ने साल 1994 में आई फिल्म 'हेवनली क्रीचर्स' के अपने किरदार को भी याद किया। इस फिल्म में केट विंसलेट और मेलानी लिन्स्की के बीच इंटिमेट सीन दिखाया गया है।

### टॉलीवुड

## 'टॉक्सिक' से सामने आया नयनतारा का लुक इस किरदार में दिखाएंगी अभिनय का जलवा




साउथ के स्टार यश की अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है। फैंस इस फिल्म की हर अपडेट जानना चाहते हैं। मेकर्स भी फिल्म की अपडेट देकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। हाल ही में मेकर्स ने फिल्म से कियारा आडवाणी और हुमा कुरैशी का लुक जारी किया है। अब उन्होंने फिल्म से अभिनेत्री नयनतारा का भी लुक जारी किया है। आइए जानते हैं लुक में क्या खास है?

मेकर्स ने नयनतारा का जो लुक जारी किया है। उसमें देखा जा सकता है कि वह हाई स्लिट गाउन में नजर आ रही हैं। वह दरवाजे के पास खड़ी हैं। दो सुरक्षाकर्मी दरवाजा खोलते हुए नजर आ रहे हैं। नयनतारा ने हाथ में बंदूक ली हुई है। मेकर्स ने अभिनेत्री का लुक जारी करते हुए लिखा है 'पेश है टॉक्सिक- फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स में गंगा के किरदार में नयनतारा।' नयनतारा का लुक काफी दमदार है। इससे पहले मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर हुमा कुरैशी के लुक को जारी किया था। वह काले कपड़ों में एक कार के पास खड़ी थीं। फिल्म में वह एलिजाबेथ के किरदार में नजर आएंगी। इसी तरह से मेकर्स ने फिल्म से कियारा आडवाणी का लुक जारी किया था। इसमें कियारा रैंप पर वॉक करती दिख रही थीं। वह फिल्म में नादिया के किरदार में नजर आएंगी। गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित 'टॉक्सिक' 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में यश मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। हालांकि, अभी तक कहानी और कास्ट को लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। यश के अलावा अब तक कियारा आडवाणी, हुमा कुरैशी और नयनतारा के लुक ही सामने आए हैं। इस फिल्म को काफी बड़े स्तर पर बनाया गया है। यही कारण है कि पहले इसी साल रिलीज होने वाली यह फिल्म प्रोडक्शन पूरा न होने के चलते मार्च 2026 तक के लिए आगे बढ़ गई।

### भोजपुरी

## पवन ने लिया 'माई के आशीर्वाद' तो जनता हुई निहाल, फैंस बोले- सबसे बेस्ट फोटो



भोजपुरी पावर स्टार पवन सिंह का लेटेस्ट पोस्ट वायरल हो रहा है। उन्होंने अपनी मां के साथ फोटो शेयर की है, जो इंटरनेट पर छा गई है। इस तस्वीर में उनकी मां उन्हें आशीर्वाद दे रही हैं। खूब प्यार-दुलार कर रही हैं। पवन सिंह भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के पावर स्टार हैं। उन्हें जब भी अपने बिजी शेड्यूल से वक्त मिलता है, वो अपने परिवार, अपनी मां के साथ वक्त जरूर बिताते हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी माई के साथ फोटो शेयर की तो वो देखते ही देखते वायरल हो गई। उनके पोस्ट पर फैंस खूब रिएक्ट कर रहे हैं। इस तस्वीर में पवन सिंह अपनी मां के चरणों में बैठे हुए हैं। उनकी माई उन्हें प्यार से दुलार-पुचकार रही है। तस्वीर को दो घंटे में ही 2 लाख से ज्यादा लोगों ने लाइक कर दिया है।

पवन के पोस्ट पर फैंस खूब प्यार लुटा रहे हैं। एक ने कहा कि ये सबसे बेस्ट फोटो है तो दूसरे ने बोला कि पवन भैया की माई मतलब हमारी माई। एक और फैन ने कहा कि मां के चरणों में ही असली सफलता है। पर्सनल लाइफ की बात करें तो पवन की दो शादियां हुईं। उनकी पहली बीवी ने सुसाइड कर लिया था। इसके बाद उनकी ज्योति से शादी हुई, पर इनके बीच तलाक को लेकर केस चल रहा है। कुछ दिन पहले ज्योति ने पवन पर कई आरोप भी लगाए थे।

वर्कफ्रंट की बात करें तो पवन सिंह को बीते दिनों 'लाफ्टर शेफ्स 3' और 'बिग बॉस 17' में देखा गया था। वो जल्द ही कपिल शर्मा के शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए सीजन में दिखेंगे। उनके साथ दिनेश लाल यादव निरहुआ और मनोज तिवारी भी होंगे।

"आम तौर पर लोफर के मायने आवारागर्दी से निकाला जाता है लेकिन पहनावे में लोफर्स की अहमियत कुछ खास है। इन्हें आप बिना लेस वाले आरामदायक जूतों से जोड़ सकते हैं। ठंड के इस मौसम में मेंस फैशन में लोफर्स की कई वेराइटी बाजार में मौजूद है। यूरोपियन फैशन से लेकर खालिस हिंदुस्तानी फैशन तक इनकी डिमांड इन दिनों बढ़ी हुई है।




## सर्दियों में चाहिए निखरती त्वचा तो मिल्क पाउडर का करें इस्तेमाल

सर्दियों का मौसम आते ही लोग अपनी त्वचा का ध्यान रखना शुरू कर देते हैं। इसकी वजह है कि इस मौसम में त्वचा काफी डल हो जाती है। चेहरे पर भले ही कितने प्रोडक्ट इस्तेमाल कर लिए जाएं लेकिन उसका असली गुलाबी निखार सर्दियों में खो जाता है।

मिल्क पाउडर की मदद से आप अपनी त्वचा का ग्लो बरकरार रख सकते हैं। अगर आप मिल्क पाउडर की मदद से अपना चेहरा चमकाना चाहते हैं तो सबसे पहले चेहरे की क्लीजिंग करनी है। इसके लिए एक कटोरी में आधा चम्मच मिल्क पाउडर में एक चम्मच कच्चा दूध मिलाना है। अब इस पेस्ट को दस मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथ से मसाज करें। ऐसा करने से आपकी त्वचा की डेड स्कन हटने लगेगी।

चेहरे को क्लीन करने के बाद स्टीमर की मदद से आप स्टीम ले सकती हैं। इससे आपकी त्वचा के पोर्स खुल जाएंगे। स्टीम त्वचा को हाइड्रेट करने में भी मददगार रहती है। इस स्टेप के बाद आपको मिल्क पाउडर की मदद से ही चेहरे की स्क्रबिंग करनी है। इसके लिए बस आधा चम्मच मिल्क पाउडर को दो चम्मच कच्चा दूध और एक चम्मच चावल का आटा मिलाएं। इससे अपने चेहरे पर अच्छे से स्क्रब करें। चेहरे पर स्क्रब करने के बाद एक कटोरी में मिल्क पाउडर लेकर उसमें थोड़ा सा शहद और नारियल का तेल डालें। अब इसको अपने चेहरे पर अच्छी तरह से लगा लें। दस मिनट के बाद चेहरे की मसाज करें। सबसे



आखिर में आपको अपने चेहरे पर फेसपैक लगाना है। मिल्क पाउडर से फेसपैक बनाने के लिए आपको बस एक कटोरी में दो चम्मच मिल्क पाउडर, एक चम्मच चंदन पाउडर, एक चम्मच बेसन, दही और आधा चम्मच शहद मिलाना है। इसके बाद इस पेस्ट को अपने चेहरे पर 15 मिनट के लिए लगाएं और फिर चेहरा धो लें। इस पूरी प्रक्रिया करने के बाद आपका चेहरा खिल उठेगा।

## लोहड़ी पर पारंपरिक तरीके से होना है तैयार तो यहां से लें टिप्स



लोहड़ी का त्योहार मकर संक्रांति के एक दिन पहले काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस बार 13 जनवरी को लोहड़ी मनाई जाएगी। पंजाब और हरियाणा में लोहड़ी की काफी धूम दिखाई देती है। इस त्योहार में लोग अपनी पहली फसल का भोग अग्नि देव को लगाते हैं। इसके लिए वो आग के चारों और चक्कर लगाते हुए उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी और मूंगफली चढ़ाते हैं। इस दौरान पुरुष और महिलाएं पारंपरिक तौर पर ही तैयार होते हैं। खासतौर पर अगर बात करें महिलाओं की तो वो बेहद ही खूबसूरत तरह से लोहड़ी के पर्व के लिए तैयार होती हैं। अगर आपके घर में भी ये त्योहार मनाया जाता है या फिर आप पहली बार इसमें शामिल होने का सोच रहीं हैं तो हम आपको कुछ ऐसे लुक्स दिखाने जा रहे हैं, जिससे टिप्स लेकर आप लोहड़ी के लिए तैयार हो सकती हैं। दरअसल, आज हम आपको कुछ अभिनेत्रियों और बॉलीवुड सेलिब्रिटीज के पंजाबी लुक्स दिखाने जा रहे हैं, जो बेहद ही खूबसूरत हैं।

### स्काई ब्लू की शान

अगर हल्का सा कुछ पहनने का सोच रहीं हैं तो सोनम बाजवा का लुक आपके लिए एक बेहद ऑप्शन है। स्काई ब्लू रंग के इस सूट के साथ माथे पर मांगटीका आप लगा सकती हैं।

### अनारकली कुर्ता और चूड़ीदार

जैस्मिन भसीन की तरह शॉर्ट अनारकली कुर्ता और चूड़ीदार पायजामी आपको खूबसूरत लुक देने का काम करेगी। इसके साथ बालों में एक प्यारी सी चोटी जरूर बनाएं। कानों में भारी झुमके आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेंगे।

### अपनाइए शरारा

अगर शरारा पहनना पसंद है तो सरगुन मेहता का लुक आपके लिए परफेक्ट लुक है। इसके लिए आप लाल रंग शरारा अपने लिए तैयार करवा सकती हैं। इस लुक को पूरा करने के लिए बालों में कर्ल करके कानों में हैवी से झुमके जरूर पहनें। अगर आप पारंपरिक रूप से पंजाबी लुक कैरी करना चाहती हैं तो श्रद्धा आर्या की तरह पटियाला सूट अपने लिए बनवा सकती हैं। इसके बाथ बालों परांदा जरूर लगाएं। इसी से आपका लुक और खूबसरत लगेगा। लुक को पूरा करने के लिए आप माथे पर मांगटीका भी लगा सकती हैं।

भारी शरारा

अगर आपकी शादी के बाद ये पहली लोहड़ी है तो शहनाज गिल की तरह भारी सा शरारा आप अपने लिए तैयार करवा सकती हैं। इसके साथ अगर आप स्लीक स्टाइल का हेयर स्टाइल बनाएंगी, तो आपका लुक और भी ज्यादा क्लासी लगेगा।

## टीनएज्जर्स गर्ल्स के लिए बेस्ट हैं ये मॉर्निंग स्किन केयर रूटीन

टीनएज्जर्स गर्ल्स से अपनी स्किन का ध्यान रखने में लापरवाही हो जाती है। ऐसे में उनकी त्वचा डल और बेजान नजर आने लगती है। ऐसे में आपको जरूरत है एक्सपर्ट टिप्स की जिसे फॉलो करके आप अपनी स्किन का ध्यान रख सकते हैं। डॉ. गीतिका ने इन टिप्स को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया और बताया कि कैसे आप स्किन का ध्यान रख सकती हैं।

टीनएज्जर्स गर्ल्स अपनी स्किन पर फोमिंग फेस वॉश का इस्तेमाल करें। ये स्किन के लिए काफी अच्छा होता है साथ ही माइल्ड क्लींजिंग करता है। इस तरह के फेस वॉश आपको बाजार में मिल जाते हैं जिनका इस्तेमाल आर रोजाना सुबह कर सकती हैं। आप चाहे तो इसकी जगह पर रोजाना एलोवेरा जेल का इस्तेमाल भी कर सकती हैं ताकि स्किन हाइड्रेट रहे।

### मॉइश्चराइजिंग क्रीम लगाएं

स्किन को हाइड्रेट रखने के लिए आप मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें। इससे आपकी स्किन हेल्दी रहती है। इसके लिए बेस्ट (सनस्क्रीन लगाने का तरीका) है कि आप सन प्रोटेक्टिव क्रीम का इस्तेमाल करें। मार्केट में



आपको ऐसी कई सारी क्रीम मिल जाएगी। जिसे लगाकर आप स्किन को हेल्दी रख सकती हैं।

### फेस मास्क का करें इस्तेमाल

अगर आपको लगता है कि स्किन डल लग रही है तो इसके लिए आपको जरूरी है कि आप फेस मास्क का इस्तेमाल करें। इसके लिए आप घर (ब्यूटी हैक्स) पर ही एलोवेरा जेल फेस मास्क, दही फेस मास्क या फिर पपीता फेस मास्क का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसे आप रोजाना सुबह इस्तेमाल करें। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि इसके लिए आपको अपनी स्किन को क्लीन रखना है ताकि जब आप इसे चेहरे पर लगाएं तो कोई गंदगी न रहे।

## अपनी वार्डरोब में शामिल करें खास साड़ी डिजाइंस

साड़ी पहनने का शौक हर लड़की को होता है। इसलिए हर कोई मार्केट से जाकर अपने लिए अलग-अलग डिजाइंस की साड़ियां खरीदती हैं। कई बार ऐसा होता है कि कुछ डिजाइंस आपको पसंद होते हैं लेकिन जब आप वो ट्राई करते हैं तो अच्छे नहीं लगते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे आपको कुछ नया लुक नहीं मिलता है बस वही पुराने तरीके से साड़ी पहनना पड़ता है। ऐसे में अगर आप सटल लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो इसके लिए बेस्ट है कि आप इन साडियों को स्टाइल करें इसमें आप काफी सुंदर नजर आएंगी।



### बॉर्डर वर्क साड़ी

सटल लुक के लिए बेस्ट है कि आप बॉर्डर वर्क साड़ी को वियर करें। इसमें आपको पतला बॉर्डर मिलेगा जिस पर साड़ी के ब्लाउज जैसी एम्ब्राइडरी की गई होगी। आप इस तरीके की साड़ी को वियर कर सकती हैं। ये सिंपल होती हैं और कहीं भी पहनी जा सकती हैं। इनकी खास बात ये है कि इन्हें स्टाइल करने में समय भी कम लगता है। आप इसे अपनी पसंद के फैब्रिक में खरीद सकती हैं। इसके साथ आपको हैवी वर्क ब्लाउज मिलेगा। इसलिए ये साड़ी और भी सुंदर लगेगी। इस तरह की साड़ी मार्केट में आपको 500 से 1000 रुपये में मिल जाएगी।

### मिरर वर्क साड़ी

मिरर वर्क साड़ी भी सटल लुक के लिए बेस्ट है आप इन्हें भी ट्राई कर सकती हैं। इसमें आप काफी सुंदर (साड़ी फैशन) लगेंगी। इसमें आपको कोई बॉर्डर नहीं मिलेगा। बल्कि आपको पूरी साड़ी में थोड़ा-थोड़ा मिरर वर्क मिलेगा। जिससे ये साड़ी दिखने में हैवी लगेगी लेकिन रहेगी लाइट वेट। इसलिए आपको इस साड़ी को वियर जरूर करना चाहिए। इसमें ऑप्शन कई सारे आते हैं जिसे आप अपनी वॉर्डरोब में शामिल कर सकती हैं।

### नेट साड़ी डिजाइन

सटल लुक के लिए आप अपनी वॉर्डरोब में नेट की साड़ी भी रख सकती हैं। ये लाइट वेट होती हैं।

कार्नर न्यूज

### नोक्टूरिज्म, पॉप कल्टिंग और क्वाइटिकेशन हैं अब चलन में

## नए साल के अजीब ट्रैवल ट्रेंड कर सकते हैं पर्यटकों को बेहद आकर्षित, आप भी इन्हें आजमा कर देखिए

इस साल नोक्टूरिज्म, पॉप कल्टिंग, क्वाइटिकेशन और टेरर टूरिज्म जैसे ट्रैवल का चलन बढ़ सकता है। यात्रा से जुड़े ट्रेंड लगातार बदल रहे हैं। इस साल यात्रा के कुछ नए तरीके देखने को मिले। 2025 में वर्केशन से लेकर वर्क फ्राम एनीवेयर जैसे कई ट्रैवल ट्रेंड देखने को मिले। लेकिन साल के अंत तक सफर के कुछ नए और यूनिक आइडिया भी अस्तित्व में आए, जो 2026 में ट्रेंडिंग बन सकते हैं। 2026 में पर्यटक शोर से दूर शांति खोजने पर जा सकते हैं। भीड़ से दूर अपनेपन की ओर ये दौर सस्ती और सहज यात्रा का होगा। इस साल नोक्टूरिज्म, पॉप कल्टिंग और क्वाइटिकेशन और टेरर टूरिज्म जैसे ट्रैवल का चलन बढ़ सकता है।

यह रात में घूमने का नया चलन है। नोक्टूरिज्म का मतलब है रात की यात्रा। 2026 में लोग दिन की भीड़, गर्मी और शोर से बचकर नाइट वॉक, स्टार गेज़िंग, नाइट सफ़ारी और मिडनाइट सिटी टूर को पसंद कर रहे हैं। रात में शहर और प्रकृति दोनों का असली चेहरा दिखता है।

यानी पॉप कल्चर से प्रेरित ट्रैवल। ये फिल्मों और वेब सीरीज़ की दुनिया में घूमने जैसा है। लोग अब उन्हीं जगहों पर जाना चाहते हैं, जहां फिल्म शूट हुई हो, जहां वेब सीरीज़ की कहानी बसी हो या जहां उनके पसंदीदा कैरेक्टर चले हों। यह ट्रेंड बताता है कि मनोरंजन अब यात्रा को दिशा दे रहा है।

2026 का यात्री 5-स्टार होटल से ज़्यादा दिल से स्वागत चाहता है। Huspitality का मतलब है होमस्टे, लोकल खाना, मेजबान से बातचीत और स्थानीय जीवन को करीब से देखना। यह ट्रेंड कहता है कमरा नहीं, कनेक्शन होना चाहिए।



### क्वाइटिकेशन

यह स्टेकेशन और क्विक ब्रेक का एक नया रूप है, जो भागदौड़ भरी ज़िंदगी से निकलकर अपने ही शहर या आसपास कहीं कम समय के लिए सुकून भरी छुट्टी बिताने का चलन है। इस तरह की यात्रा में लोग ज्यादा प्लानिंग नहीं करते, बल्कि नींद यानी नेपकेशन और नॉक्टूरिज्म पर ध्यान देते हैं। यह ट्रेंड उन लोगों का है जो थक चुके हैं और खुद को फिर से खोजने निकल पड़े हैं।

### पैशनकेस

पैशनकेस ट्रैवल का मतलब है अपने जुनून के लिए घूमना या शौक को सफर बनाना। इसमें फोटोग्राफी, योग, ट्रेकिंग, फूड और लेखन के लिए यात्रा की जाती है। अब यात्रा मौज नहीं, खुद को निखारने का ज़रिया बन रही है।

### टैरर टूरिज्म

टैरर टूरिज्म में लोग युद्ध स्थल, त्रासदी से जुड़ी जगहें और इतिहास के काले अध्याय से जुड़े स्थलों को देखने जाते हैं और इतिहास के डरावने सच को देखना चाहते हैं। यह यात्रा रोमांच नहीं, इतिहास को समझने की कोशिश है।

### स्किप जेम

इसमें मशहूर जगहों को छोड़ दिया जाता है। स्किप जेम ट्रेंड कहता है, हर वायरल जगह जरूरी नहीं। 2026 के यात्री भीड़भाड़ वाले डेस्टिनेशन छोड़कर शांत, अनदेखी जगहों को चुन रहा है।

### ईको स्केप

ईको स्केप ट्रैवल का फोकस है पर्यावरण, सस्टेनेबल स्टे, कम प्लास्टिक और लोकल सपोर्ट। लोग अब घूमते समय धरती को नुकसान नहीं, सम्मान देना चाहते हैं।

